प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 352 | शनिवार 13 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रुपया

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल का निधन, पीएम मोदी समेत सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली 12 दिसम्बर (एजेंसी0)लातूर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को महाराष्ट्र में उनके गृह नगर लातूर में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने बताया कि पाटिल कुछ समय से बीमार थे और उन्होंने अपने आवास पर ही अंतिम सांस ली। वह 90 वर्ष के थे। वह लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष थे और केंद्रीय मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाल चुके थे। पाटिल ने लातूर लोकसभा सीट से सात बार जीत हासिल की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में लिखा, ष्श्री शिवराज पाटिल जी के निधन से दुख हुआ। वे एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर काम किया। वह समाज की भलाई में योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। पिछले कुछ सालों में मेरी उनसे कई बार बातचीत हुई, सबसे हाल की मुलाकात तब हुई जब वे कुछ महीने पहले मेरे घर आए थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। ओम शांति।ष प्रधानमंत्री ने श्री पाटिल से हुयी मुलाकात का एक फोटो भी शेयर किया। गौरतलब है कि श्री पाटिल का आज महाराष्ट्र के लातूर में 90 साल की उम्र में निधन हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्रियों ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पाटिल का शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र के लातूर स्थित उनके घर पर निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार थे। आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ राजनेता श्री शिवराज पाटिल जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मुख्यमंत्री ने कहा,श्प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ओम शांति!




केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता श्री शिवराज पाटिल जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। ओम शांति!"ब्रजेश पाठक ने भी पाटिल के निधन पर शोक जताते हुए एक पोस्ट में कहा," पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल जी के निधन की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई। प्रभु श्रीहरि जी से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदोंपर कार्य किया। वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। बारह अक्टूबर 1935 को जन्मे श्री पाटिल महाराष्ट्र के लातूर से सात बार सांसद रहे। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में उन्हें गृह मंत्री, रक्षा मंत्री का कार्यभार सौंपा गया था। उन्होंने 1991 से 1996 तक देश के 10वें लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर काम किया। उन्होंने 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक के तौर काम किया।

## हर बूथ पर जीत व हर कार्यकर्ता को सम्मान दिलाना संकल्प : अन्नू

**- प्रत्येक गरीब तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने का होगा प्रयास**

**- नवमनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष का जिले की सीमा से लेकर कार्यालय तक हुआ स्वागत**



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव का शुक्रवार को जनपद में ऐतिहासिक व भव्य स्वागत किया गया। जनपद सीमा छिवली नदी से लेकर शहर सीमा नऊवाबाग के अलावा अन्य मार्गों पर महिला–पुरुष कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, युवा साथी और आम जनता ने आतिशबाजी के साथ पुष्पवर्षा की। वाहनों के काफिले के साथ जिलाध्यक्ष का जुलूस शहर में प्रवेश करते ही पूरा शहर केसरिया रंग में रंग गया। स्वागत जुलूस जिस–जिस मार्ग से निकला चौराहों पर पड़ने वाले महापुरुषों की प्रतिमाओं पर जिलाध्यक्ष समेत भाजपाईयों ने माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए विभिन्न मोहल्लों, चौराहों और बाजारों में स्वागत मंच बनाए गए थे। जहां ढोल–नगाड़ों, बैंड–बाजों और जयकारों से पूरा वातावरण गुंजाएमान हो रहा था। स्वागत जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पार्टी कार्यालय पहुंचा। जहां महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। स्वागत से अभिभूत जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी का यह अपार स्नेह व उत्साह देखकर मन गदगद हो गया। यह स्वागत मेरा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनकी नीतियों का स्वागत है। जिले की जनता ने हमेशा भाजपा पर अटूट विश्वास जताया है। आगामी 2027 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हम सब मिलकर फतेहपुर को नंबर वन जिला बनाएंगे। हर बूथ पर जीत, हर कार्यकर्ता को सम्मान और हर गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। आपका यह जोश और उत्साह ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस मौके पर विधायक खागा कृष्णा पासवान, अयाह–शाह विधायक विकास गुप्ता, पूर्व मंत्री रणवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, रमाकांत त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, मनोज मिश्रा अन्नू, ज्योति प्रवीण, पूनम श्रीवास्तव, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, स्वरूप राज सिंह जूली, बच्चा तिवारी, अमित शिवहरे, शिवाकांत शिवहरे, अभिषेक श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव उर्फ धीरू, अंकित शिवहरे, आनन्द सिंह, संजय पांडेय, ओम मिश्रा, आरबी सिंह, बुद्धराज सिंह, अंबुज गुप्ता, सोमेश, मनोज गुप्ता, राजू साहू, प्रवीण सिंह, कुलदीप भदौरिया, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, विजय लक्ष्मी साहू, अपर्णा सिंह गौतम, गोविंद गुप्ता, वैभव द्विवेदी, महेंद्र मौर्य, आदित्य दुबे, आशीष गुप्ता, राजन सिंह, मोईन खान, आसिफ खान, कामता सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, अरूण कुमार गुप्ता समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

## एसआईआर के मुद्दे पर सदन में गरजे संजय सिंह, कहा-मताधिकार से छेड़छाड़ सहन नहीं की जाएगी



नई दिल्ली 12 दिसम्बर (एजेंसी0) आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा की कार्यवाही में स्पष्ट शब्दों में आगाह किया कि एसआईआर के नाम पर जो कार्यवाही देशभर में चल रही है वह मतदाता–सूची "सुधार" नहीं बल्कि वोटरों की प्रणालीगत सफाई और वोट चोरी की साजिश हैय सरकार और चुनाव आयोग को इस पूरे अभियान के ठोस, नाम–वार और क्षेत्र–वार आंकड़े जनता के सामने पेश करने होंगे, अन्यथा विपक्ष और नागरिक समाज इसके विरुद्ध कड़े कदम उठाएंगे। राज्यसभा में बोलते हुए संजय सिंह ने कहा कि जिस देश के लिए भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस, अशफाकउल्ला जैसे शहीदों ने कुर्बानी दी और जिसका संविधान बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने नागरिकों के समान मताधिकार के सिद्धांत पर बनाया, वहाँ किसी भी रूप में मताधिकार से छेड़छाड़ सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने सदन में प्रश्न उठाया कि क्या एसआईआर के माध्यम से वास्तव में मतदाता–सूची को शुद्ध करना मकसद है या लक्षित वोटरों को हटा कर राजनीतिक फायदे हासिल करना लक्ष्य है। संजय सिंह ने संवैधानिक धारा 327 और लोकप्रतिनिधित्व कानून 1950 के हवाले से स्मरण कराया कि चुनाव आयोग के अधिकार संवैधानिक सीमाओं के भीतर हैं और किसी भी बड़े पैमाने पर एकतरफा कार्रवाई से पहले स्पष्ट कानूनी आधार, पारदर्शी प्रक्रियाएँ और संसद का मार्गदर्शन अनिवार्य है।संजय सिंह ने दिल्ली के उदाहरण का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली की नयी दिल्ली विधानसभा में चुनाव शुरू होने से पहले 42,000 मतदाता नाम अचानक काट दिए गए कृ यह आकड़ा हमारे पास है और हमने इस पर चुनाव आयोग को लिखित शिकायत भी भेजी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह बिहार में एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर वोट कटौती की घटनाएँ सामने आई हैं और ये कटौतियाँ लोकतंत्र की जड़ों को हिला रही हैंय अगर इन कटौतियों का औचित्य नहीं बताया गया तो बहुमत–प्राप्ति के लिए चुनाव प्रक्रिया में घपला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम व लेन–देने और मतगणना की पारदर्शिता पर उठाए गए पुराने सवालों का स्मरण करते हुए यह प्रश्न भी उठाया कि जब देशों के अनेक न्यायिक व संसदीय विमर्शों में ईवीएम पर शक और प्रतिबंध की आवाजें उठी हैं तो भारत में भी पारदर्शिता और भरोसेमंद तंत्र सुनिश्चित करना क्यों नहीं चाहा जा रहा।संजय सिंह ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से स्पष्ट माँग रखी कि एसआईआर के तहत किसी भी इलाके में नाम हटाए जाने या कटौती किए जाने के पूरे विवरण कृ नाम–वार, बूथ–वार और कारण–वार कृ सार्वजनिक किए जाएँ और जिन बीएलओ (ठववजी स्मअमस व्फिपबमते) पर दबाव पड़ा या जिनकी जान गई, उनके प्रति संवैधानिक श्रद्धांजलि के साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। आप सांसद ने यह भी सवाल उठाया कि डिटेंशन सेंटर और "घुसपैठियों" की कहानियों को चुनावी मुद्दे के रूप में उभार कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है, ।

## कांग्रेस ने साझा किया महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन का वीडियो

### अमित शाह पर नेहरु को लेकर झूठ बोलने का लगाया आरोप

नई दिल्ली 12 दिसम्बर (एजेंसी0) कांग्रेस ने शुक्रवार को इतिहासकार–लेखक राजमोहन गांधी की टिप्पणियों का हवाला देते हुए गृह मंत्री अमित शाह के उस दावे को "सरासर झूठ" करार दिया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का पहली बार प्रधानमंत्री बनना 'वोट चोरी' के जरिये संभव हुआ था।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी की एक वीडियो क्लिप 'एक्स' पर साझा की, जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटियों ने 1946 में पटेल को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की वकालत की थी और उस समय प्रधानमंत्री पद का कोई सवाल ही नहीं था। रमेश ने कहा, ''प्रख्यात इतिहासकार–लेखक और पूर्व सांसद राजमोहन गांधी ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा बोले गए एक सफेद झूठ का पर्दाफाश किया है।" वीडियो में राजमोहन गांधी ने कहा, "भारत छोड़ो आंदोलन के लिए जेल गए हजारों लोगों को 1945 में रिहा कर दिया गया था। मौलाना आजाद 1940 में कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन के बाद से कांग्रेस अध्यक्ष थे। चूंकि इतने सारे लोग जेल गए थे इसलिए नए अध्यक्ष के चुनाव का सवाल ही नहीं उठता था और अंग्रेजों द्वारा कांग्रेस पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया था।"उन्होंने कहा, इसलिए मौलाना आजाद अध्यक्ष बने रहे और 1946 में नए अध्यक्ष के चुनाव का सवाल उठा। राजमोहन गांधी का कहना है, "यह सवाल नहीं था कि प्रधानमंत्री कौन होगा। लोग जानते थे कि भारत जल्द आजादी हासिल कर लेगा लेकिन ब्रिटिश और भारतीय पक्ष के बीच कोई समझौता नहीं हुआ था।"



उन्होंने कहा, "एक प्रथा थी कि हर पीसीसी एक नाम आगे रखती थी कि इस व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। और अगर तीन–चार नाम आते थे तो ये सभी नाम (महात्मा) गांधी जी के सामने रखे जाते थे और वह कहते थे 'आइए इस व्यक्ति को एक मौका दें और लोग ज्यादातर उनसे सहमत होते थे।" राजमोहन गांधी ने कहा कि गांधी जी द्वारा चुने गए व्यक्ति को सर्वसम्मति से कांग्रेस का अगला अध्यक्ष चुना जाता था। उन्होंने कहा, "मैं यह नहीं कहता कि यह एक अच्छा तरीका था लेकिन उस समय इसका पालन किया जा रहा था।"उन्होंने कहा, "1946 में जब अध्यक्ष पद का सवाल उठा तो कई पीसीसी ने सरदार पटेल का नाम आगे बढ़ाया कि उन्हें अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए और दो–तीन पीसीसी ने आचार्य कृपलानी का नाम भी आगे बढ़ाया, लेकिन किसी ने नेहरू का नाम आगे नहीं बढ़ाया। राजमोहन गांधी ने कहा, "जबलपुर के डीपी मिश्रा ने अपनी किताब में लिखा है कि जब हमने पटेल का नाम आगे बढ़ाया, तो हमारे दिमाग में प्रधानमंत्री पद नहीं था।" उन्होंने बताया कि पटेल केवल एक बार 1931 में अध्यक्ष रहे थे, जबकि नेहरू 1929, 1936 और 1937 में अध्यक्ष रहे थे। राजमोहन गांधी ने कहा, "पटेल नेहरू से 14 साल बड़े थे, उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं था और भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी बड़ी भूमिका थी। बहुत से लोगों ने सोचा था कि वे पटेल को अध्यक्ष बनाकर सम्मान देंगे लेकिन उन्हें प्रधानमंत्री बनाने के बारे में कोई विचार नहीं था।"

## पीटी उषा ने सरकार से की भारत में डोपिंग रोधी किट के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील



नई दिल्ली 12 दिसम्बर (एजेंसी0) भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पीटी उषा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उषा ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया और कहा कि परीक्षण किट आयात करने से परिणामों में देरी होती है और ऐसे में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार वर्तमान में दो स्विस कंपनियां बर्लिंगर और लॉककॉन भारत में इन परीक्षण किटों की आपूर्ति कर रही हैं। उषा ने कहा, "मैं इस सदन का ध्यान एक ऐसे मामले की तरफ खींचना चाहती हूं जो हमारे खिलाड़ियों की गरिमा और हमारे राष्ट्र की वैश्विक छवि को प्रभावित करता है। भारत को डोपिंग मुक्त खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डोपिंगरोधी किटों के स्वदेश में उत्पादन को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है।" उन्होंने कहा, "डोपिंग बड़ा खतरा है जो निष्पक्ष खेल, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और विश्व मंच पर हमारे देश की प्रतिष्ठा को लगातार खतरे में डाल रहा है। अभी हम उच्च गुणवत्ता वाले अधिकतर डोप परीक्षण किटों को आयात कर रहे हैं। इसमें काफी लागत आती है, परीक्षण में देरी होती है और बाहरी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है।"भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगा रहा है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश को अपने डोपिंग रिकॉर्ड में काफी सुधार करना होगा। इस समस्या से निपटने में भारत की स्थिति खराब है और डोपिंग के मामले में वह नियमित रूप से दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल रहता है।खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सप्ताह पहले राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि सरकार डोपिंग विरोधी उपायों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद ही अब उषा का यह बयान सामने आया है। खेल मंत्री ने कहा था कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपनी परीक्षण क्षमता में काफी वृद्धि की है और वर्तमान वर्ष में 7751 डोप परीक्षण करने की योजना है, जो 2024 में किए गए 7474 और 2023 में किए गए 5794 परीक्षणों की तुलना में अधिक है। उषा ने कहा कि स्वदेशी डोप परीक्षण किटों का होना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा क्योंकि इससे अनुसंधान, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, "भारत आत्मनिर्भर बन सकता है और विश्व भर में डोपिंगरोधी उपकरणों का आपूर्तिकर्ता भी बन सकता है। इस तरह की पहल से न केवल लागत कम होगी बल्कि परीक्षण में तेजी आएगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल के सभी स्तरों में डोपिंग पर रोक लगाने का तंत्र मजबूत होगा।"डोपिंग रोधी एजेंसियों की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह से अवगत मंत्रालय के एक सूत्र ने उषा के बयान का स्वागत किया लेकिन साथ ही कहा, "डोपिंग रोधी किट बेहद संवेदनशील होती हैं जिनमें मामूली टूट–फूट भी परीक्षण के परिणामों पर संदेह पैदा कर सकती है। हमें उनके सुझाव के अनुसार योजना पर काम करना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार में सर्वश्रेष्ठ किट ही उपलब्ध हों।"

## देश के कुल कृषि उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत...

### सीएम योगी ने किया किसान पाठशाला का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में किसान पाठशाला और प्रगतिशील किसान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसान पाठशाला में खेती की चुनौतियों और उत्पादन को बढ़ाने पर चर्चा की।**



लखनऊ12 दिसम्बर (एजेंसी0) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के पास देश की कुल कृषि भूमि का 11 प्रतिशत हिस्सा है लेकिन यूपी देश के कुल कृषि उत्पादन में 21 फीसदी योगदान देता है। यह बताता है कि प्रदेश का किसान मेहनती भी है और नवाचार की क्षमताओं से भी भरपूर है। सरकार प्रदेश के 28 जिलों में 4000 करोड़ की लागत से खेती में सुधार और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है।सीएम योगी शुक्रवार को हरख ब्लॉक के दौलतपुर गांव में पद्मश्री और प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा के फार्म पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने दौलतपुर में किसान पाठशाला और प्रगतिशील किसान सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से तमाम योजनाएं चलाई हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, पीएम किसान सम्मान निधि, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और कृषि यंत्रों पर सब्सिडी ने बड़े स्तर पर किसानों को राहत दी है।सीएम योगी ने कहा कि परंपरागत खेती के साथ–साथ यदि किसान उच्च मूल्य वाली फसलों, सब्जियों, फल उत्पादन और प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ें तो उनकी आमदनी कई गुना बढ़ सकती है। उन्होंने पद्मश्री रामसरन वर्मा का उदाहरण देते हुए कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों और नवाचार को अपनाने से सीमित भूमि पर भी शानदार उत्पादन संभव है।

## आप बस काम करिए, मजदूर आपके पीछे खड़ा

### यूपी के एनडीए सांसदों को पीएम मोदी ने दिया मंत्र

**अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री ने कहा कि विधायकों को जनता से अधिक प्रभावी ढंग से संवाद करना चाहिए और उन्हें सांसदों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जागरूक करना चाहिए। पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों से कहा कि आप लोग सिर्फ अपना काम करने पर ध्यान दें।**



नई दिल्ली 12 दिसम्बर (एजेंसी0)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों से मुलाकात की और उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने की सलाह दी। यह मुलाकात संसद के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर हुई। अपनी मुलाकात में प्रधानमंत्री ने कहा कि विधायकों को जनता से अधिक प्रभावी ढंग से संवाद करना चाहिए और उन्हें सांसदों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जागरूक करना चाहिए। पीएम मोदी ने एनडीए सांसदों से कहा कि आप लोग सिर्फ अपना काम करने पर ध्यान दें।उन्होंने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि यह पुरानी पार्टी सिर्फ झूठे वादे करती है और चुनाव नजदीक आने पर काम करने का दिखावा करती है। इसके विपरीत, एनडीए जनता के लिए चौबीसों घंटे काम करता है। उन्होंने कहा कि हम लगातार काम करते हैं, लेकिन हमारी योजनाओं और उपलब्धियों का जनता के बीच पर्याप्त प्रचार नहीं होता।2024 में उत्तर प्रदेश में छक। ने 36 सीटें जीतींउत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं और यहाँ से लोकसभा में 80 सांसद जाते हैं। 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले छक। ने उत्तर प्रदेश की 36 सीटें जीतीं। इनमें से भाजपा के 33 सांसद हैं,

# सम्पादकीय

## शशि थरूर का इंकार

जब देश की संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर जोरदार बहस जारी थी, जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खूब आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उसी बीच कांग्रेस नेता व तिरुवनंतपुरम से पार्टी सांसद शशि थरूर से संबंधित एक खबर चर्चा का विषय बन गई। वैसे जहां तक कांग्रेस नेता व तिरुवनंतपुरम से पार्टी सांसद शशि थरूर का सवाल है तो वे काफी समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और


नफीस जाफरी

भाजपा के प्रति अपनी निकटता और कांग्रेस से तनातनी के कारण कुछ ज्यादा ही सुर्खियों में रहे। लेकिन इस बार जो खबर थी, उससे जहां भाजपा को झटका लगा, वहीं कांग्रेस के लिए राहत की बात थी।

कांग्रेस नेता शशि थरूर को वीर सावरकर पुरस्कार लेने से इंकार कर दिया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को नई दिल्ली में एचआरडीएस इंडिया द्वारा पहला 'वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवार्ड 2025' देने का ऐलान किया गया था। इस संपादकीय पर एक नजर डालते हैं कि क्या है ये वीर सावरकर पुरस्कार। विदित हो कि वीर सावरकर पुरस्कार कोई एक सरकारी पुरस्कार नहीं है, बल्कि यह महान स्वतंत्रता सेनानी, दार्शनिक और लेखक विनायक दामोदर सावरकर के याद और उनके आदर्शों को समर्पित पुरस्कारों का एक समूह है, जिन्हें मुख्य रूप से गैर–सरकारी संस्थाओं या संस्थानों की ओर से दिया जाता है। ये पुरस्कार आमतौर पर उन व्यक्तियों या संगठनों को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं जिन्होंने किसी विशेष क्षेत्रों में योगदान दिया हो। सावरकर एक फेमस लेखक और कवि थे, इसलिए उनके नाम पर साहित्य, इतिहास और पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाता है। उन व्यक्तियों को सम्मानित करना जो राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार, या वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के लिए काम करते हैं, जैसा कि सावरकर ने सामाजिक एकता पर जोर दिया था। गैर–सरकारी संगठन, शैक्षणिक संस्थान और सांस्कृतिक मंच भी सावरकर के नाम पर सम्मान करते हैं। जैसे हाल ही में हाईरेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया द्वारा शुरू किया गया वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड। वहीं इससे पूर्व दूसरी ओर कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया गया था। इस खबर के बाद माना जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी और तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर के बीच फिर से तनातनी हो सकती है। लेकिन थरूर ने ये पुरस्कार लेने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इसके आयोजक के बारे में कोई जानकारी नहीं है और ये बिना उनकी सहमति के दिया जा रहा था। थरूर ने त्रकारों से कहा था कि उन्हें इस पुरस्कार के बारे में मीडिया से पता चला और उन्हें यह नहीं पता कि इसे कौन दे रहा है। उन्होंने कहा था, "मुझे पुरस्कार से संबंधित किसी भी बात की जानकारी नहीं है। मुझे पता लगाना होगा कि यह क्या है। शशि थरूर के इनकार करने के बाद कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि सांसद शशि थरूर समेत पार्टी के किसी भी सदस्य को वीर सावरकर के नाम पर कोई पुरस्कार स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि उन्होंने अंग्रेजों के सामने सिर झुकाया था।

# मैकाले के बच्चे ही आज भी भारत के बिल भर रहे

भारत की एकमात्र अनलूटेबल संपत्ति वह पतली परत हैकृअंग्रेजी–फ्लुएंट, विश्लेषणात्मक रूप से प्रशिक्षित दिमागों कीकृजिसे मैकाले ने जन्म दिया था। बाकी कोयला, खनिज, नदियाँकृहमने ही चुरा लिए, बर्बाद किए, या लाल फीते में कसकर बांध दिए। इतना सब होने के बावजूद हमने इसके साथ क्या किया? लगभग कुछ नहींकृबल्कि उल्टा किया।एक असहज सच है, जिसे बोलते ही या लिखते ही कथित देशभक्त व्हाट्सऐप ग्रुप का दरवाजा बंद हो जाएगा। पर सच से आँख चुराने का कोई फायदा नहीं है। आधुनिक भारत आज भी उसी ईंधन पर चल रहा है, जिसे 1835 में थॉमस बैबिंगटन मैकाले ने हमारी नसों में उतारा था। यह कोई अकादमिक तर्क नहीं, यह जमीन की वह कठोर हकीकत है।

और यह हकीकत बताती है कि आईटी एक्सपोर्ट से लेकर फार्मा पेटेंट तक, रिजर्व बैंक से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से लेकर वैश्विक स्टार्ट–अप बोर्डरूम तककृभारत की जो भी आधुनिक मशीनरी चल रही है, उसका अस्सी फीसदी इंजन उसी अंग्रेजी शिक्षा और विश्लेषणात्मक प्रशिक्षण से पनपा जिसे मैकाले ने अपने मिनटया कि नोट में दर्ज किया था।

मैकाले तब महज 34 साल का था, भारत में चार साल भी पूरा नहीं काट पाया, फिर भी उसने कॉलोनी को बदल देने वाली वह अवधारणा गढ़ दी जिसने आगे चलकर पूरे राष्ट्र, भारतीयों के के बौद्धिक खाके को आकार दिया।

मैकाले ने साफ कहा था कि उसे ऐसी प्रशासकीय जाति चाहिए जो खून और रंग से भारतीय भले हो पर स्वाद, विचार, चरित्र और बुद्धि से अंग्रेज। उसने जो माँगा, इतिहास ने वैसा ही बना दिया। आज हमारे बौद्धिक पिरामिड की ऊपर की 15दृ20 प्रतिशत परतकृजिसे आप चाहें तो मैकाले के बच्चे कह लें वह भारत का सबसे ज़्यादा टैक्स उत्पन्न करती है, ज़्यादातर फॉरेन एक्सचेंज कमाती है, विज्ञान और प्रौद्योगिकी की लगभग सारी उपलब्धियों को आकार देती है, और दुनिया में भारत की साख का सबसे बड़ा जनक है।

बाकी 80 प्रतिशत मेहनतकश भारत पर इसका कोई मान नहींय यह उस आर्थिक सच्चाई का नाम है जिसमें हम अभी भी रहते हैं। वह सच्चाई यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति आय आज भी बोत्सवाना और गैबन जैसे देशों से कम हैकृवे देश जो तेल, हीरों और प्राकृतिक संपदा के महासागरों पर टिके हैं, जबकि हम दुनिया की सबसे कम उपयोग की गई मानवीय प्रतिभा पर टिके हैं।

मैकाले के आलोचक सदैव रहेकृगांधी की पीढ़ी से लेकर आज की सत्ता तक। और वे एक बिंदु बिल्कुल ठीक उठाते हैंरू यह शिक्षा–प्रणाली नवोन्मेषी दिमाग नहीं बनाती, बल्कि एक क्लर्की जाति बनाती थी और है। यह भारतीय भाषाओं की प्रतिभा को दबा गईय इसने शिक्षा को ज्ञान की बजाय सामाजिक प्रतिष्ठा का टोकन बना दियाय और पीढ़ियों को पश्चिमी मान्यता के लिए लालायित कर दिया।

यह सब सच है। लेकिन आलोचक यहीं रुक जाते हैं, जबकि वाक्य अधूरा इसी वजह से रह जाता है कि वे यह नहीं कहते किकृयदि यह ढांचा न होता तो क्या होता?

सचाई यह है कि यदि मैकाले की वह प्रशासनिक रीढ़ न होती, तो 1947 में 28 रियासतों और 565 जागीरों वाला यह उपमहाद्वीप एक गणराज्य के रूप में एकसाथ खड़ा ही नहीं हो पाता। हमारे पास बॉम्बे प्लान जैसी औद्योगिक कल्पना लिखने वाले अभियंता नहीं होते, 1974 में परमाणु परीक्षण करने वाले वैज्ञानिक नहीं होते, और 1991 में अपने ही संकट से जूझते हुए आईएमएफ को ठोस अंग्रेजी तर्कों के साथ यह मनाने वाले अर्थशास्त्री नहीं होते कि भारत को सांस लेने दीजिए, हम अपनी अर्थव्यवस्था को खोलेंगे।

गणतंत्र दिवस पर जिस भी उपलब्धि का हम झंडा उठाते हैं, उसकी कहानी को ध्यान से पढ़िएकृआप पाएँगे कि उसके लेखक, उसके तकनीकी दिमाग, उसके मुख्य संचालक, वे ही थे जिन्हें मैकाले ने कभी अपनी प्रशासकीय जाति के लिए कल्पना किया था।जरा दुनिया के नक्शे में एक और उदाहरण देखिए। अफ्रीका में भारत के मुकाबले दस गुना अधिक खनिज–संपदा है, दो गुना जमीन है, और वहाँ उपनिवेशी भाषाई दखल भी भारत जितना गहरा नहीं था। फिर भी उप–सहारा अफ्रीका की प्रति व्यक्ति आय भारत से अधिक है। क्यों? क्योंकि खनिज और प्राकृतिक संपदा को तानाशाह और ताकतवर लूट सकते हैंय मानव पूंजी को कोई नहीं लूट सकता।

# जब संसद में अमितशाह ने दिए कांग्रेस के वोट चोरी के उदाहरण


गुलफिशा खान

लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जमकर विपक्ष खासकर कांग्रेस पर जम कर बरसे। कभी दहाड़ते हुए तो कभी मुस्कुराते हुए, कभी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच तो कभी हंगामे और शोरगुल के बीच अमित शाह ने विपक्ष पर चुन–चुनकर वार किए। इस दौरान कई ऐसे मौके भी आए, जब अमित शाह ने चुटीले वाक्यों के तंज भरे तीर छोड़े। मालूम हो कि विपक्ष के बार–बार के हंगामे के बीच अमित शाह अपनी बात रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन विपक्षी बेंचों से लगातार हंगामा हो रहा था। इस पर शाह ने कहां कि मैं आधी रात तक बैठने को तैयार हूं, मेरा भाषण समाप्त हो जाए। इसी बीच विपक्ष बेंचों की तरफ से टीका–टिप्पणी होने लगी तो शाह के तेवर बदल गए। उन्होंने कहा– अरे सुनिए न भाई, सुनो न, दो बड़े बोलते हैं, तो बीच में नहीं बोलते। इस पर सदन में हंसी गूंजने लगी। फिर भी विपक्षी नेता नहीं रुके तो शाह गंभीर अंदाज में उनकी तरफ देखने लगे। शाह ने कहा कि मैं 30 साल से विधानसभा और संसद में चुनकर आ रहा हूं। मुझे संसदीय प्रणाली का लंबा अनुभव है। विपक्ष के नेता कहते हैं कि पहले मेरी बात का जवाब दीजिए। शाह ने तीखे अंदाज में आगे कहा कि आपकी मुंसफी से संसद नहीं चलेगी, मेरे यहां बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। इस तरह से नहीं चलेगी संसद। राहुल गांधी और कांग्रेस



पर हमलावर अमित शाह ने कहा कि ये सिर्फ प्रेस में आरोप लगाते हैं। न अदालत जाते हैं, न चुनाव आयोग में जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब इनके जमाने में चुनाव होते थे बिहार और यूपी में चुनाव होते थे तो पूरे बक्से हाईजैक हो जाते थे, ईवीएम आने से ये बंद हो गया, चुनाव की चोरी बंद हो गई है इसलिए पेट में दर्द हो रहा है, ईवीएम का दोष नहीं है। मालूम हो कि वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी के लगातार आरोप लगा रहे राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर अमित शाह ने तीखा हमला किया। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने जोरदार पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पहली वोट चोरी जवाहर लाल नेहरू ने, दूसरी इंदिरा गांधी ने और तीसरी सोनिया गांधी ने की थी। अमित शाह ने कहा कि वोट चोरी की तीन घटनाएं बताना चाहता हूं। चुनावी धांधली या वोट चोरी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि स्वतंत्रता के बाद देश के प्रधानमंत्री का चुनाव राज्य प्रमुखों के वोटों के आधार पर होना था। सरदार पटेल को 28 वोट मिले, जबकि नेहरू को केवल दो। फिर भी, आश्चर्यजनक रूप से नेहरू प्रधानमंत्री बन गए। जब कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता बन जाता है तो इसे भी वोट चोरी का मामला माना जाता है। अमित शाह ने आगे कहा कि दूसरी वोट चोरी उस समय हुई, जब इंदिरा गांधी रायबरेली से अनैतिक तरीके से जीतीं। इसके खिलाफ राजनारायण जी हाईकोर्ट में पहुंचे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तय कर दिया कि इंदिरा गांधी ने उचित तरीके से चुनाव नहीं जीता था। ये भी वोट चोरी थी। उसके बाद इस वोट चोरी को ढकने के लिए संसद में कानून लाया गया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई मुकदमा ही नहीं चल सकता। शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता चुनाव आयोग की इम्युनिटी पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन जो इम्युनिटी इंदिरा जी ने स्वयं के लिए ली थी, उस पर आपका क्या कहना है। अमित शाह ने तीसरी कथित वोट चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने आप को इम्युनिटी दी। फिर जब संवैधानिक सुधार का वायरस चढ़ा तो उन्होंने दो, तीन, चार नंबर के जज को बाईपास करते हुए जज को सुपरसीड कर लिया और चीफ जस्टिस बना दिया। अमित शाह ने आगे कहा कि योग्यता नहीं थी, फिर भी मतदाता बन गए। अभी–अभी एक मामला दिल्ली की अदालत में पहुंचा है कि सोनिया गांधी इस देश की नागरिक बनने से पहले मतदाता थीं। विपक्ष के हंगामे पर शाह ने कहा कि मैंने तथ्यात्मक बात कही है, केस चल रहा है। इसका जवाब तो सोनिया गांधी को अदालत में देना है, यहां नहीं। यहां जवाब क्यों दे रहे हैं। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सोनिया गांधी उस चुनाव में वोटर नहीं थीं। मैं गृह मंत्री को चुनौती देता हूं कि वो यह साबित करें इस पर शाह ने कहा कि मैंने कोई निर्णय नहीं दिया है, जो मामला आया है, बस उसका संदर्भ दिया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के ख़िलाफ़ राहुल का बड़ा राजनीतिक दांव


फरीद वारसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में बेहद आक्रामक अंदाज में दिखे। लोकसभा में दिए अपने भाषण के दौरान उन्होंने चोरी के मुद्दे पर विपक्ष खासतौर से राहुल गांधी को जबर्दस्त ढंग से आड़े हाथों लेते हुए एक–एक आरोप का तथ्यों के साथ जवाब दिया। उनके करीब डेढ़ घंटे के भाषण में एसआईआर और चुनाव आयोग में नियुक्तियों से लेकर हर मुद्दे पर खुल कर बात रखी गई। सूत्रों के अनुसार शुरुआत में सरकार इस पक्ष में नहीं थी कि विशेष पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर पर संसद में किसी भी तरह से बहस हो। दरअसल, वरिष्ठ मंत्री नहीं चाहते थे कि विपक्षी दल संसद के मंच का इस्तेमाल चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर हमला करने के लिए करें। इसीलिए पिछला सत्र केवल इसी मांग को खारिज करने के कारण धुल गया था। इस बार यह रास्ता निकाला गया कि एसआईआर के बजाए चुनाव सुधारों पर चर्चा करा ली जाए और एसआईआर का मुद्दा चर्चा के दौरान उठा लिया जाए। अब जबकि सबकी नजरें इस बात पर थीं कि अमित शाह राहुल गांधी के आरोपों का क्या जवाब देते हैं। राहुल गांधी कथित वोट चोरी के मुद्दे पर कई प्रेस कांफ्रेंस कर चुके हैं। इनमें हुए खुलासों की तुलना वे एटम बम, हाइड्रोजन बम आदि से करते हैं। बिहार चुनाव में उन्होंने इसी मुद्दे को लेकर यात्रा भी निकाली थी। लोक सभा में उन्होंने सरकार और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया था और चुनाव आयुक्तों को चेतावनी दी थी कि उन्हें बख्शा



नहीं जाएगा। आज जब अमित शाह लोक सभा में इन आरोपों का जवाब देने खड़े हुए तो वे पूरी तैयारी से आए थे। हालांकि सूत्रों के अनुसार वे उस समय 102 डिग्री बुखार में तप रहे थे। लोकसभा में जाने से पहले डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया और बुखार के लिए दवा भी दी थी।

तो वहीं इससे पूर्व लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बड़ा राजनीतिक वादा किया। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनती है तो वह उस कानून को बदल देगी जो मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान करता है। क्या आप जानते हैं कि वो कौन सा कानून है और उसमें क्या प्रावधान है जो ऐसी इम्युनिटी प्रदान करता है इस आलेख पर डालते हैं एक नजरः–राहुल गांधी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर 2023 के इस कानून में संशोधन किया जाएगा और चुनाव आयुक्तों को कठघरे में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं निर्वाचन आयुक्तों से कहना चाहता हूं कि वो सोचते होंगे कि यह कानून उन्हें बचाता है लेकिन चिंता न करें हम (सत्ता में आने पर) कानून बदलेंगे और वह भी पिछली तारीख से ऐसा करेंगे और आपको ढूंढ निकालेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि 2023 के इस कानून को बदलने की जरूरत है क्योंकि यह निर्वाचन आयुक्तों को यह ताकत देता है कि वे जो चाहें करें। उन्होंने कहा कि इस कानून के जरिए चुनाव आयुक्त के चयन से चीफ जस्टिस को बाहर कर दिया गया है। दरअसल राहुल गांधी जिस कानून को बदलने की बात कह रहे हैं उसका नाम 'मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा–शर्तें एवं कार्यकाल) अधिनियम, 2023 है। यह कानून पहले राज्यसभा और फिर लोकसभा से पारित होने के बाद 29 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी से लागू हुआ था। इसने चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और कार्य संचालन) अधिनियम, 1991 की जगह ली थी। इस कानून की धारा 16 में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान की गई है। इसके मुताबिक, वर्तमान या पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्तों द्वारा अपनी सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए गए किसी भी कार्य या वक्तव्य के लिए किसी भी अदालत में दीवानी या आपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकेगी। इस नियम के पीछे ये तर्क दिया गया था कि इससे चुनाव आयुक्त बिना किसी डर या पक्षपात के अपनी जिम्मेदारी निभा सकेंगे। इस कानून के जरिए एक और बड़ा बदलाव किया गया था। इस कानून के लागू होने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली समिति की सिफारिशों पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी। लेकिन इस कानून के जरिए चयन समिति में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की जगह एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया है विपक्ष का नेता मौजूद न होने पर सबसे बड़े दल के नेता को समिति में रखा जाएगा। इसके जरिए यह भी तय किया गया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति संभावित चुनाव आयुक्तों के 5 नामों का पैनल तैयार करेगी और चयन समिति के सामने रखेगी। इन पदों के लिए केंद्र सरकार में सचिव या समकक्ष पद वाले या पूर्व में रह चुके अधिकारी पर विचार किया जाएगा। नामों की खोज समिति में सचिव से कम स्तर के दो सदस्य भी होंगे जिनके पास चुनाव मामलों का ज्ञान और अनुभव होगा।

# महाराष्ट्र में अन्ना की तपस्या सफल



गांधीवादी समाजसेवी अन्ना हजारे देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कराना चाहते हैं। इसके लिए लगभग एक दशक पूर्व दिल्ली में जबर्दस्त आंदोलन हुआ था। उसी आंदोलन की उपज अरविन्द केजरीवाल हैं जिन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के नाम से राजनीतिक दल बनाया। अन्ना हजारे इसके खिलाफ थे। आज भी वह अपने आंदोलन को राजनीति से दूर रखना पसंद करते हैं। उनके प्रयास रुके नहीं, धीमें जरूर पड़ गये क्योंकि तपस्या सभी के वश की नहीं है। अन्ना हजारे की तपस्या महाराष्ट्र में सफल होती दिख रही है। अन्ना हजारे ने राज्य में लोकायुक्त कानून लागू कराने की मांग को लकेर 31 जनवरी 2026 से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की घोषणा कर रखी है। भाजपा के नेतृत्व वाली देवेन्द्र फडणवीस की सरकार ने राज्य में लोकायुक्त कानून लागू करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर दी है। विधान मंडल के दोनों सदनों में इस कानून को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हस्ताक्षर कर दिये हैं। हालांकि इसे लगाू करने में दो वर्ष की देरी हुई है लेकिन अन्ना हजारे की तपस्या सफल हो गयी है। अब उन्हें इस मामले पर भूख हड़ताल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

महाराष्ट्र सरकार राज्य में नया लोकायुक्त कानून लागू करने की तैयारी कर रही है। इस कानून को पहले ही दोनों सदनों से मंजूरी मिल चुकी है और राष्ट्रपति भी इस पर हस्ताक्षर कर चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने इसमें तीन अहम बदलावों का सुझाव दिया था। इन बदलावों के साथ अब नया लोकायुक्त कानून राज्य में लागू होने जा रहा है। इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने लंबे समय से प्रदर्शन किया है। कानून को लागू किए जाने में लगभग दो साल की देरी हुई है।

संशोधित कानून के तहत, पुराने अधिनियम के अंतर्गत नियुक्त वर्तमान लोकायुक्त का कार्यकाल नए कानून के लागू होते ही समाप्त हो जाएगा। प्रशासनिक असंतुलन से बचने के लिए, नए लोकायुक्त के कार्यभार संभालने तक मौजूदा लोकायुक्त अपने पद पर बने रहेंगे। दोनों सदनों से संशोधित विधेयक पारित हो जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिल जाने के बाद, राज्य सरकार जल्द ही नए लोकायुक्त अधिनियम को लागू करने के लिए तैयार है, जो महाराष्ट्र में जवाबदेही और भ्रष्टाचार विरोधी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। राज्य विधानमंडल ने केंद्र सरकार द्वारा सुझाए गए संशोधनों को मंजूरी दे दी है। यह कदम अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की लगातार मांगों के जवाब में उठाया गया है, जिन्होंने अधिनियम के लागू न होने पर 31 जनवरी 2026 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की घोषणा की थी।

मूल लोकायुक्त विधेयक विधानसभा द्वारा 28 दिसंबर 2022 को और विधान परिषद द्वारा 15 दिसंबर 2023 को पारित किया गया था, जिसके बाद इसे राष्ट्रपति की सहमति के लिए भेजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विधेयक को मंजूरी दे दी, लेकिन राज्य को तीन महत्वपूर्ण संशोधन शामिल करने की सिफारिश की। इन सुझावों को औपचारिक रूप से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बता दिया गया था, जिन्होंने विधानमंडल को सूचित किया। फडणवीस ने स्पष्ट किया कि केवल केंद्रीय कानूनों के तहत स्थापित प्राधिकरण स्वतः ही राज्य लोकायुक्त के अधिकार क्षेत्र में नहीं आएंगे। हालांकि, यदि ऐसे निकायों में कार्यरत अधिकारियों की नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है, तो वे लोकायुक्त के दायरे में आएंगे। इसी प्रकार, यदि कोई संस्था केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है, तब भी राज्य द्वारा नियुक्त अधिकारी लोकायुक्त अधिनियम के अधीन होंगे। संशोधनों में पुराने आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम संदर्भों की जगह केंद्र द्वारा पेश किए गए नए आपराधिक कोड भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के साथ संरेखित करने के लिए कानून में संदर्भों को भी अद्यतन किया गया है।

अगर महाराष्ट्र में एक मजबूत लोकायुक्त एक्ट लागू होता है, तो यह नया कानून राज्य के एंटी–करप्शन सिस्टम को मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री के अधिकार क्षेत्र में मुख्यमंत्री और कैबिनेट अब लोकायुक्त एक्ट के अधिकार क्षेत्र में आएंगे। इस एक्ट के अनुसार, लोकायुक्त हाईकोर्ट का पूर्व चीफ जस्टिस या सुप्रीम कोर्ट का पूर्व जज या बॉम्बे हाई कोर्ट का जज होगा। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, जो पहले 1971 के एक्ट में नहीं था, अब लोकायुक्त के दायरे में आ गया है।

इस प्रकार महाराष्ट्र में सशक्त लोकायुक्त कानून लागू करवाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर पहुँच गई है। समाजसेवी अन्ना हजारे ने 30 जनवरी 2026 से भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान कर राज्य सरकार पर दबाव बढ़ा दिया था। रालेगन सिद्धि में होने वाला यह अनशन न केवल राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर रहा था, बल्कि लोकायुक्त कानून की अधूरी प्रक्रिया पर भी सवाल उठा रहा था। अन्ना हजारे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजी गई चिट्ठी में स्पष्ट लिखा है कि वे महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन आमरण अनशन पर बैठेंगे। उनका कहना है कि महाराष्ट्र सरकार ने लोकायुक्त बिल को भले ही विधानमंडल से पारित करा लिया हो, लेकिन उसे लागू करने में अब तक अनावश्यक देरी की गई है। उन्होंने याद दिलाया कि 28 दिसंबर 2022 को विधानसभा और 15 दिसंबर 2023 को विधान परिषद से लोकायुक्त कानून पारित हुआ था, परन्तु दो वर्ष बीतने के बाद भी इसे अमल में नहीं लाया गया। अन्ना हजारे ने आरोप लगाया कि सरकार के साथ कई बार बैठकों के बावजूद केवल आश्वासन मिले, कार्यान्वयन नहीं। उन्होंने कहा कि देश कानून से चलता है और राज्य में एक मजबूत लोकायुक्त व्यवस्था की आवश्यकता अत्यंत जरूरी है। अपनी दृढ़ स्थिति को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यदि राज्य में सशक्त लोकायुक्त कानून लागू नहीं किया गया, तो जीवन जीने की इच्छा भी शेष नहीं रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज और देशहित के लिए समर्पित रहा है। स्वयं के लिए कुछ न रखने वाले अन्ना हजारे ने दोहराया कि जब तक प्राण हैं वे जनता की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे। गांधीवादी विचारों से प्रेरित अन्ना का कहना है कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शुरू होने वाला यह अनशन उनके आदर्शों को समर्पित होगा और कानून लागू होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। गौरतलब है कि अन्ना हजारे ने 2011 में भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व किया था, जिसने जन लोकपाल बिल की मांग को राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना दिया था। रामलीला मैदान का वह ऐतिहासिक अनशन भारतीय राजनीति में एक नई जनभागीदारी की शुरुआत माना गया था। अब एक बार फिर अन्ना का यह कदम राज्य सरकार को कठिन स्थिति में डाल सकता है और लोकायुक्त कानून के भविष्य पर महत्वपूर्ण असर डाल सकता है।अन्ना हजारे ने कहा है कि महाराष्ट्र में तुरंत एक मजबूत लोकायुक्त एक्ट लागू किया जाए। उनका कहना है कि विधानसभा–परिषद में मंजूरी, राज्यपाल की मंजूरी के बावजूद बिल लागू नहीं हुआ है। इसलिए भ्रष्टाचार रोकने के लिए आमरण अनशन जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार ने 28 दिसंबर 2022 को विधानसभा और 15 दिसंबर 2023 को विधान परिषद से लोकायुक्त बिल पास किया था लेकिन अभी तक इसे लागू नहीं किया गया।

# खाद्य तेलों का आयात हुआ महंगा

हमारे देश में सकल घरेलू उत्पाद अर्थात् जीडीपी की दर भले ही बढ़ी है लेकिन हमारा रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले नीचे लुढ़क गया है। इसके कई दुष्प्रभाव देखने को मिलेंगे। सबसे ज्यादा इसका असर खाद्य तेलों पर पड़ेगा। खाद्य तेलों का आयात महंगा हो जाएगा। रबी की फसल तैयार होने में काफी समय है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरसों की फसल अच्छी होगी और तिलहन के क्षेत्र में हमारा देश आत्मनिर्भर हो जाएगा। हमारे देश में खरीफ की फसल में खाद्यान्न का उत्पादन अच्छा हुआ है। तिलहन फसलों की खेती का रकबा भी बढ़ा है। अनुमान है कि चालू रबी सीजन में 84.10 लाख हेक्टेयर में तिलहनी फसलें उगाई जाएंगी। रबी की फसलों में सिंचाई की समस्या नहीं आएगी। हमारे बांधों और जलाशयों में पानी का स्टाक 90 फीसद तक अभी है। यह स्टाक थोड़ा कम भी हो जाएगा तो विशेष फर्क नहीं पड़ेगा।अमेरीकी डॉलर की तुलना में भारतीय मुद्रा (रुपया) की विनिमय दर लुढ़ककर सर्वकालीन निचले स्तर पर आ जाने से विदेशी खाद्य तेलों का आयात काफी महंगा हो गया है जिससे अनेक रिफाइनर्स ने दिसम्बर तथा जनवरी शिपमेंट के लिए किए गए आयात अनुबंधों को निरस्त (कैंसिल) कर दिया है।इससे घरेलू प्रभाग में तिलहनों की मांग खपत एवं कीमत में सुधार आने का संकेत मिलने लगे हैं। क्रूड खाद्य तेलों का आयात ज्यादा महंगा हो जाने का असर रिफाइनर्स की कार्य क्षमता एवं गतिविधि पर पड़ने लगा है और वे स्वदेशी खाद्य तेलों की खरीद पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इससे क्रशिंग इकाइयों में तिलहन की मांग बढ़ गई है और तदनुरूप तिलहनों के दाम में सुधार आने लगा है। अभी तो रिफाइनर्स के पास पूर्व में आयातित क्रूड खाद्य तेलों का स्टॉक बचा हुआ है लेकिन जब यह घट जाएगा तब अगले महीने यानी जनवरी में इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आ सकता है।

उद्योग समीक्षकों के अनुसार विदेशों से खाद्य तेलों का आयात जारी रखना आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद साबित नहीं



हो रहा है। इसलिए स्वदेशी तिलहनों की खरीद एवं क्रशिंग पर विशेष जोर दिया जाने लगा है। 11 दिसम्बर 2025 को डॉलर का मूल्य उछलकर 90.48 रुपए के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया।एक अग्रणी विश्लेषक के मुताबिक आयातित सोयाबीन तेल का भाव 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ जाने से भारतीय आयातकों ने दिसम्बर एवं जनवरी शिपमेंट के लिए करीब 70 हजार टन क्रूड सोया तेल के सौदे को कैंसिल कर दिया है।

अमरीकी कृषि विभाग (उस्डा) ने अपनी नई मासिक रिपोर्ट में 2025–26 के मार्केटिंग सीजन के दौरान भारत में चावल का सकल उत्पादन उछलकर 15.20 करोड़ टन के सर्वकालीन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने तथा गेहूं का उत्पादन 11.30 करोड़ टन से बढ़कर 11.79 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाने का अनुमान लगाया है लेकिन तिलहनों का उत्पादन 415 लाख टन से घटकर 403 लाख टन रह जाने की संभावना व्यक्त की गयी।

# शहर में चोरों का आतंक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। शहर में चोरों का आतंक व्याप्त। मंदिर के दानपात्र पर चोरों ने किया हाथ साफ। 500 और 200 के नोटों की नगदी लेकर हुए रफूचक्कर मंदिर में लगे दान पात्र का सुबह ताला टूटा मिला। पास में मिली छपोईं श्रद्धालुओं ने दी पुलिस पुलिस को सूचना घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी। थाना उत्तर क्षेत्र के कोटला रोड नगला करन सिंह पर बने काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर का मामला।

# आदर्श कृष्णा महाविद्यालय में हुई बैडमिन्टन प्रतियोगिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राजकीय आई०टी०आई० शिकोहाबाद के निर्देशन में मण्डल स्तर के प्रशिक्षार्थियों की खेल–कूद प्रतियोगिता (बैडमिण्टन) का आयोजन आदर्श कृष्णा महाविद्यालय शिकोहाबाद में किया गया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर राठौर ने फीता काटकर खेल का शुभ आरम्भ किया। खेलकूद प्रतियोगिता बैडमिन्टन में लगभग 14 प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें युगल बालक एवं एकल बालक वर्ग में क्रमशः सुशील, अमरदीप फिरोजाबाद व रिहान आगरा, युगल बालिका एवं एकल बालिका वर्ग में क्रमशः रोहिनी, संध्या, फिरोजाबाद, शिल्पी मैनपुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नोडल प्रधानाचार्य, ई0जी0 नेहा वाजपेयी राजकीय आई०टी०आई० शिकोहाबाद फिरोजाबाद द्वारा विजयी प्रशिक्षार्थियों को पुरस्कार (मेडल) वितरण कर मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। खेल कूद प्रतियोगिता में अरविन्द कुमार अनुदेशक शिकोहाबाद, अमित, अनुदेशक, मथुरा, वैभव अनुदेशक, मैनपुरी सतेन्द्र सिंह अनुदेशक, आगरा जितेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ सहायक दिनेश बाबू कनिष्ठ सहायक, ईश्वर चन्द्र शर्मा रिछुराज, सुखवीर सिंह, गुलशन कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई बाइक, छात्र की मौत, साथी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नैमिष, सीतापुर। शुक्रवार सुबह नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 19 वर्षीय छात्र अनुज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा नैमिषारण्य–कल्ली



मार्ग पर मनिकापुर भट्ठा के पास हुआ, जब छात्रों की बाइक एक ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। बताया जा रहा है कि अनुज और प्रियांशु बाइक से मड़ारी गांव से अटवा कोचिंग पढ़ने जा रहे थे। दोनों छात्र मिश्रिख मार्ग की ओर बढ़ रहे थे, तभी सीमेंट से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अनुज की मौत हो गई, जबकि प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रॉली तिरपाल से ढकी हुई थी और उस पर रिलेक्टर नहीं लगे थे। कम .श्यता के कारण पीछे से आ रही बाइक को ट्रॉली दिखाई नहीं दी और बाइक सीधे ट्रॉली से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने अनुज को मृत घोषित कर दिया और प्रियांशु को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नैमिषारण्य थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई ट्रैक्टर–ट्रॉलियां बिना रिलेक्टर के चलती हैं जिससे अक्सर इस तरह की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके और सड़क सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : प्रभारी मंत्री



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भर्थना विधानसभा स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं जिला प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं उनके दम पर ही संगठन मजबूत होता है और सरकारें बनती हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कभी भूतपूर्व नहीं होता, जबकि पद बदलते रहते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर दोहरे, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया तथा पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया ने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव के सभी धर्मों–जातियों व जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचा रही है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लें। सम्मेलन में वरिष्ठ कार्यकर्ता दिवाकांत शुक्ला, सुभाष दुबे, उमेश दुबे, रामलखन कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप जाटव ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, जिला उपाध्यक्ष दीपक नाथ चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वैदपुरा चौराहा पर मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना वैदपुरा की मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को वैदपुरा चौराहा पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूक किया। टीम ने पंपलेट वितरण करते हुए महिला हेल्पलाइन, साइबर क्राइम नंबरों सहित विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी प्रदान की।

टीम ने बताया कि सतर्कता व जागरूकता ही महिला सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को 112, 1090, 181, 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर बताए गए। साथ ही सुकन्या समृद्धि, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत सहित कई महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की उपयोगिता समझाई गई। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को सलाह दी कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं तथा सुरक्षा संबंधी जानकारी परिवार व आसपास के लोगों तक पहुंचाएं।

# निपुण भारत मिशन व बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी द्वारा जारी रोस्टर के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिशासी अभियन्ता उपस्थित नहीं हुए, उनके प्रतिनिधि के रूप में अवर अभियन्ता के विलम्ब से उपस्थित होने पर चेतावनी देते हुए भविष्य में समय से बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये गये। अवर अभियन्ता के द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय पुलखडीत, एका में 800 मीटर बाउण्ड्रीवाल एवं मुख्य भवन की नीव स्तर पर कार्य कराया जा रहा है ऑवरआल 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय लालऊ में अभ्युदय ब्लॉक पर बाहर से प्लास्टर का कार्य चल रहा है एमडीएम शैड व दिव्यांग शौचालय की चिनाई का कार्य पूर्ण हो गया है तथा गार्ड रूम का कार्य लेन्टल लेवल तक पूर्ण हो गया है। कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। विद्यालय परिसर से जा रहे हाई विद्युत हाई टेंशन लाइन को एक सप्ताह में हटाये जाने के निर्देश दिये गये तथा अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड जसराना, टूण्डला व फिरोजाबाद के द्वारा 03 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बाद भी विद्युत हाई टेंशन लाइन को नहीं हटाये जाने पर असन्तोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत असंतृप्त विद्यालयों की सूची सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए संतृप्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह अपने–अपने विकास खण्ड के समस्त परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित कक्षाओं के सापेक्ष कक्षा–कक्षों की आवश्यकता का चिन्हांकन करते हुए प्रस्ताव 17–18 दिसम्बर, 2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, जिससे प्रत्येक कक्षा हेतु क्लास रूम की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण से प्राप्त शतप्रतिशत धनराशि को विद्यालयों के एस0एम0सी0 खातों में जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये। सी0एम0 डैशबोर्ड पर विद्यालय निरीक्षण में अपेक्षित ग्रेड प्राप्त करने हेतु जनपद व ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा प्रेरणा एप के माध्यम से माह दिसम्बर, 2025 के विद्यालय निरीक्षण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। विद्यालयों में छात्र–छात्राओं की वास्तविक उपस्थिति दर्ज किये जाने एवं डिजिटल रजिस्टर पर प्रतिदिन ऑनलाइन किये जाने के निर्देश के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन वितरण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# दो दिवसीय घोसी ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

घोसी, मऊ। दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र, जूनियर हाईस्कूल घोसी पर संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक के सभी एनपीआरसी के विजेता टीमों ने प्रतिभाग किया। खेल का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी घोसी धर्मेन्द्र कुमार के संयोजन, अध्यक्षता में ब्लॉक प्रमुख घोसी डॉ. राम.ष्ण यादव ने किया तथा ध्वजारोहण करते हुए खेल की शपथ दिलाया। अंतिम दिवस में खेल का समापन नगर पंचायत अध्यक्ष घोसी प्रतिनिधि .पा शंकर सिंह ने किया। दो दिवसीय खेल के उपरांत विभिन्न खेलों एवं संस्.तिक कार्यक्रमों में बच्चों ने विजेता, उपविजेता बने जिसमें मुख्य रूप से जूनियर स्तर राष्ट्रीय एकांकी (बालिका संवर्ग) में पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली चैंपियन बना तो वहीं बालक वर्ग जूनियर स्तर 200 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय घोघवल से अरुण यादव, 100 मीटर में जूनियर हाई स्कूल घोसी से शिवम, बालिका संवर्ग 100 मीटर में कंपोजिट स्कूल जामडीह आयशा व 50 मीटर में संध्या तथा प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 100 मीटर में कंपोजिट विद्यालय सिपाह से सूरज, 50 मीटर में खानपुर बुजुर्ग से सत्यम चैंपियन बने। 100 मीटर बालिका में उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा डेरीपुर प्रथम रहा। स्काउट गाइड में पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदवल अब्वल रहा साथ ही। कबड्डी तथा खो–खो (बालिका) प्राथमिक स्तर में प्राथमिक विद्यालय घोघवल तथा खो–खो बालक जूनियर स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर, बालक एवं बालिका कबड्डी में कंपोजिट विद्यालय घोघवल चैंपियन बना। खेल का उद्घाटन करते समय ब्लॉक प्रमुख डॉ. राम.ष्ण यादव ने कहा कि खेल को अपने जीवन का हिस्सा बना चाहिए। बच्चों में खेल से प्रतिस्पर्धा के साथ समन्वय और भाईचारा पैदा होता है। वहीं समापन में सभी विजेता उपविजेता बच्चों को मेडल देकर पुरस्त करते समय नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि .पा शंकर सिंह ने कहा कि इन बच्चों में अद्वितीय प्रतिभाएं छिपी है जिसे उचित अवसर और मंच देकर निखारा जा सकता है। सरकारी बच्चे किसी से कम नहीं हैं। इस अवसर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। संचालन प्रथम दिवस में बृजेश यादव, द्वितीय दिवस में भूपेंद्र दीक्षित और डॉ. रामविलास भारती ने किया। इस अवसर पर डॉ.रामविलास भारती, रिजवान अहमद, विवेक सिंह, भूपेंद्र दीक्षित, दिनेश कुमार, उमेश यादव, रामविजय यादव, दयाशंकर यादव, रेनू मिश्रा, व्योम यादव, रामानन्द यादव, राम सिंह, सुनील कन्नौजिया, राजकुमार, भारत भूषण, डॉ. तेजभान, अनिल यादव, प्रीति नरेश, माला देवी, अनीता गुप्ता, श्वेता आनंद, मंजू चौरसिया, महताब, भोली, संजय कुमार, राजेश यादव, पुष्कर राय, दुक्खी प्रसाद, संदीप कुमार, ओमप्रकाश, अभिषेक सिंह, अजित राय आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक विवाह, 43 जोड़े विवाह बंधन में बंधे




न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के नगरीय निकाय (नगर निगम फिरोजाबाद, नगर पंचायत मक्खनपुर सिरसागंज) एवं विकास खण्ड फिरोजाबाद के चिन्हित पात्र जोड़ें के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत आर0एस0एस0 रिसोर्ट निकट रहना की पुलिया में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर निगम फिरोजाबाद के 28, नगर पंचायत मक्खपुनर 3 विकास खण्ड फिरोजाबाद के 12 इस प्रकार कुल 43 जोड़ें उपस्थित हुये। जिनमें 30 हिन्दू जोडे एवं 13 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 43 उपस्थित जोड़ें के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये। कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जोड़ें को क्रमशः 05 साडी ब्लाउज सहित, 05 पेटीकोट, चुनरी, पैन्ट का कपडा, शर्ट का कपडा, फेंटाधामछा, चॉदी की पायल (एक जोडी), चॉदी की बिछिया (एक जोडी), स्टील डिनर सैट, प्रेषर कुकर, कढाई, ट्रॉलीबैग, वैनिटी किट, दीवार घडी, सीलिंग फेन, कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, 02 पिलो कवर, कम्बल–02, गद्दा/मैट्रेस–02, तकिया–02 नग, सिन्होरा, चूडी, कंगन, ड्राईफ्रूट्स, मिष्ठान, आदि वैवाहिक सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में कामिनी राठौर महापौर नगर निगम, लक्ष्मीनारायन यादव ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, उदयप्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भा.ज.पा., रामनरेश कटारा जिला उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर कामिनी राठौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब कन्याओं की शादी कराने की जिम्मेदारी ली है और इसी क्रम में आज बेटियों की शादी इस प्रागंण में हो रही है। सरकार की तरफ से नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाऐं प्रदान की गयी। अध्यक्ष भाजपा उदयप्रताप सिंह ने कहा कि सरकार समाज के प्रत्येक वंचित वर्ग के आवेदकों को योजना का दिलाए जाने का काम कर रही है। लक्ष्मीनारायन यादव ब्लॉक प्रमुख ने अपने सम्बोधन कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं संचालित की जा रही है उन्ही योजनाओं में एक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है जिसमें गरीब कन्याओं के विवाह कराए जाते है तथा गृहस्थी की शुरूआत करने के लिए वैवाहिक सामग्री प्रदान की जाती है तथा उपस्थित जन–समूह को योजना के बारे में बताते हुए अपेक्षा की गयी कि अपने आस–पास के क्षेत्रों में योजना के बारे में बतायें ताकि आने वाले कार्यक्रमों में और अधिक से अधिक पात्र लोग लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त विनोद कुमार पाण्डेय सिटी मजिस्ट्रेट, सुदर्शन सिंह उप–जिलाधिकारी, आशीष कुमार पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, के0एम0 सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, अब्बास नकवी अपर नगर आयुक्त नगर निगम, राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, निधि सिंह जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के साथ साथ सभी खण्ड विकास अधिकारी फिरोजाबाद एवं सम्बन्धित नगरीय निकाय के अधिकारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियेंकी उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

# भारत-नेपाल सीमा का प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने किया दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के 23 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं सीमा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का यह दौरा सीमा सुरक्षा व्यवस्था, सीमा पार आवागमन और संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। दौरे के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने सबसे पहले भारत–नेपाल सीमा पर पहुंचकर दोनों देशों के बीच होने वाले आवागमन की व्यवस्था, जांच प्रक्रिया, सुरक्षा प्रोटोकॉल और सरकार द्वारा जारी आवश्यक दिशा–निर्देशों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने यह भी जाना कि सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए किन–किन स्तरों पर कार्रवाई की जाती है। इसके बाद सभी प्रशिक्षु अधिकारी रूपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पहुंचे, जहां उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को सीमा प्रबंधन, सुरक्षा योजनाओं एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर काम करने वाली एजेंसियों के समन्वय संबंधी विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का यह दौरा सीमा सुरक्षा को समझने तथा फील्ड स्तर पर कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया नि:शुल्क विद्युत चलित चाक वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय माटी कला जागरूकता कार्यक्रम एवं निशुल्क विद्युत चलित चाक वितरण तथा उत्तर प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी ग्राम उद्योग विकास एवं सतत प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत ग्राम प्रधानों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय की उपस्थिति में व्हाइट पैलेस निजामुद्दीन पुरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, लीड बैंक मैनेजर एवं जिला सूचना अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा 50 नग निःशुल्क विद्युत चलित चाक का वितरण किया गया। इसके अलावा जनपद के प्रत्येक विकास खण्डों से दो–दो ग्राम प्रधानों को जिन्होंने अपने ग्राम सभा में उत्.ष्ट कार्य किया हैं उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थी परक योजनाओं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के अंतर्गत उद्यम स्थापित हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को बैंकों के माध्यम से नियमानुसार वित्तीय सहायता आदि उपलब्ध कराए जाने के विषय में लीड बैंक मैनेजर द्वारा विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर उपस्थित आप सभी लोग जो भारत सरकार की नीतियों योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, मैं आप सभी लोगों का सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि आज यहां पर 50 निशुल्क विद्युत चलित चाक का वितरण किया गया है। ऐसी तमाम प्रकार की योजनाएं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। जिनको आम जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने अपने देशवासियों से आह्वान किया है कि हम आत्मनिर्भर बनेंगे एवं 2047 तक जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे के अवसर पर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और जो भी पात्र लाभार्थी हैं उनको योजनाओं का लाभ दिलाए। आप सभी लोग यहां से जाएं तो अपने आसपास के लोगों को योजनाओं के बारे में बताएं एवं प्रयास करें कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों को अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में कहीं भी किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वह अवश्य बताएं उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला ग्राम उद्योग कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं ने भरथना सहित चार क्षेत्रों में बूथों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय व प्रांतीय नेतृत्व के अनुपालन तथा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के निर्देश पर सपा जिला महामंत्री वीरभान सिंह भदौरिया वीरू एवं एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने भरथना, चकरनगर, महेवा एवं सदर विधानसभा क्षेत्रों में बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ एवं बीएलए से संपर्क कर मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता और सटीकता के लिए सभी संबंधित कार्यकर्ता एवं अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। निरीक्षण कार्यक्रम में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जिला जज, डीएम व एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला न्यायाधीश के साथ ही जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया गया। शुक्रवार को जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कैदियों की बैरिक, भोजनालय, चिकित्सालय आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासन, पुलिस तथा जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कल लगेगा नि:शुल्क आंखों का चौथा कैम्प



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नारायण धाम स्टेशन रोड पर कल 14 दिसम्बर दिन रविवार को ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट की ओर से चौथी बार निःशुल्क आंखों का कैम्प लगेगा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने जानकारी देते हुए कहा कि सरपरस्त ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी किछौछवी शरीफ के नेतृत्व हमारी संस्था चौथी बार निःशुल्क आंखों का कैम्प लगाने जा रही है।हाजी शेख शकील अहमद ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जो भी बड़े, बुजुर्ग, महिला, पुरुष, नौजवान अपनी आंखों से परेशान है उन लोगों के लिए हमारी संस्था हर साल की भांति इस साल भी निःशुल्क आंखों का कैम्प लगा रही है ,जिसमें आंखों से परेशान लोगों के लिए निःशुल्क आंखों की जांच, निःशुल्क आंखों के लिए चश्मा, निःशुल्क दवा और निःशुल्क ही मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा।

# आठ माह से एकल मार्ग, निर्माण कार्य शुरू नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। स्थानीय निवासियों तथा पुराने सीतापुर क्षेत्र की आम जनता ने पक्का पुल की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। नागरिकों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा पक्का पुल को एकल मार्ग किए हुए लगभग आठ माह बीत चुके हैं लेकिन न तो पुल के निर्माणध्मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है और न ही शासन स्तर पर किसी नए प्रस्ताव की पहल की गई है। इससे लोगों में गंभीर असंतोष व्याप्त है। नया पुल बना जाम का स्थायी कारण जनता का कहना है कि नवनिर्मित पुल पर प्रतिदिन भारी वाहन, ट्रक और चार पहिया वाहनों की अविरल



आवाजाही के कारण दिन में दो तीन बार लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। इससे स्कूल, अस्पताल, बाजार और आपातकालीन सेवाएँ भी प्रभावित हो रही हैं। पुराना पक्का पुल अभी भी सुरक्षित . जनता मांग रही वैकल्पिक व्यवस्था स्थानीय लोगों के अनुसार पुराना पक्का पुल वर्तमान में भी उपयोग योग्य व अपेक्षा.त बेहतर स्थिति में है। इसलिए भारी वाहनों पर रोक लगाकर सामान्य वाहनों का आवागमन पुराने पुल से पुनः संचालित किया जाए, ताकि जाम और दुर्घटनाओं के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सके। एकल मार्ग किए जाने पर धन–लोभ का आरोप निवासियों का आरोप है कि पुल को एकल मार्ग बनाने के पीछे आर्थिक लाभ और ठेकेदारों के हितों को प्राथमिकता दी गई, जबकि वास्तविक निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। जनता का कहना है कि आठ महीने से जनता परेशान है, पर जिम्मेदार विभाग चुप है। जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि पक्का पुल की स्थिति की तत्काल जांच कराई जाए, पुराने पुल से नियंत्रित आवागमन फौरन बहाल किया जाए, और पीडब्ल्यूडी से निर्माण मरम्मत प्रस्ताव में देरी के लिए जवाबदेही तय की जाए। स्थानीय जनता का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो यह लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकती है। सीतापुर की जनता अब जिलाधिकारी से त्वरित संज्ञान और कठोर कार्रवाई की उम्मीद कर रही है।

# मानव चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वीं सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा सीमा चौकी लम्बी फॉरेस्ट के सोंगावा (वाइब्रेंट विलेज) में मानव चिकित्सा शिविर (ओपीडी) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन वाहिनी के चिकित्साधिकारी डॉ. ए. लिंगय्या, द्वितीय कमांड अधिकारी (चिकित्सा) द्वारा किया गया।

स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस चिकित्सा शिविर में कुल 63 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। मरीजों को उचित परामर्श दिए गए चिकित्सीय परामर्श, प्राथमिक उपचार एवं दवाइयाँ प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने एसएसबी द्वारा समय–समय पर आयोजित किए जा रहे जनसेवा के कार्यक्रमों के लिए आभार व्यक्त किया।

## बुल्डोजर की कार्यवाही जारी, दुकानों को किया जमींदोज



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर तहसील के ग्राम अकबरपुर परगना व तहसील लहरपुर में स्थित गाटा संख्या 520/0.275 हेक्टेयर जो कि तालाब के रूप में दर्ज अभिलेख है। उक्त भूमि पर गांव के व्यक्तियों रामनारायन के द्वारा दुकान बना कर अवैध कब्जा किया गया था तथा मनोकामिनी द्वारा दुकान बना कर तथा उमेश पुत्र सोबरन लाल द्वारा दुकान बना कर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। कब्जा कर निर्माण कर व्यवसाय किया जा रहा था। 5 दुकान किराए पर देकर लाभ कमाया जा रहा था। जिसको न्यायालय के आदेश 12 दिसंबर 2023 शुक्रिया को बुल्डोजर द्वारा हटवा दिया गया है। लेखापाल शशि कुमार ने बताया कि उक्त भूमि की बाजारू मूल्य लगभग 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। जिसको राजस्व टीम की उपस्थिति में हटा दिया गया है। रूटीम तहसीलदार मनीष त्रिपाठी कानूनगो गोपाल शुक्ला लेखपाल शिष्य कुमार, अनुराग यादव, अरविंद सिंह, राजेश यादव, रमाकांत, अमीन व पुलिस बल उपस्थित रहा।

## खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार बस, चार यात्री घायल, ड्राइवर फरार



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। गुरुवार की सुबह लहरपुर में तंबौर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। घने कोहरे के कारण .श्यता कम होने के बावजूद तेज रतार से चल रही एक प्राइवेट बस सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त बस में करीब 35 यात्री सवार थे, जिनमें से 4 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में खलीकुन निशा (45) पत्नी इस्लाम, जो कि सबसे गंभीर रूप से घायल हुई हैं रोशन (49) पुत्र महेश, मनसुखा (45) पुत्र देवकी, और प्रेम सागर पाण्डेय (66) पुत्र राधेलाल शामिल हैं। प्रेम सागर पाण्डेय ने बताया कि कोहरे के कारण चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते यह टक्कर हुई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि हादसे के तुरंत बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बस में सवार अन्य यात्री भी दूसरे साधनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार बस चालक की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की गहनता से जाँच की जा रही है।

## भगवान परशुराम के मंदिर का मार्ग प्रशस्त, युवा शक्ति के साथ आस्था का सैलाब



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। कस्बा सिधौली में भगवान परशुराम के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्धजनों और युवाओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम का भव्य मंदिर कस्बा सिधौली स्थित चिंता हरण महादेव मंदिर परिसर में स्थापित किया जाएगा। युवाओं की पहल से अभियान को मिली गति मंदिर निर्माण के इस पुनीत कार्य की पहल और मुख्य जिम्मेदारी अतुल तिवारी ने उठाई, जिसके बाद बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवाओं ने इस अभियान को जोरदार समर्थन दिया है। युवाओं द्वारा लगातार मिल रहे सहयोग और जनसमर्थन से परशुराम जी की प्रतिमा स्थापना और मंदिर निर्माण का मार्ग अभूतपूर्व रूप से सशक्त हुआ है। क्षेत्र में परशुराम मंदिर की स्थापना को लेकर लोगों में गहरा उत्साह और अटूट आस्था देखने को मिल रही है। आयोजकों ने बताया कि मंदिर निर्माण की तारीख और शिलान्यास का समय जल्द ही घोषित किया जाएगा। बैठक में इनकी रही उपस्थिति इस महत्वपूर्ण बैठक में बच्चे प्रसाद बाजपेई, मन्नू लाला तिवारी, अतुल तिवारी, दया शंकर त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, चन्द्र किशोर तिवारी, सोनू शुक्ला, अमन दीक्षित, अभय अवस्थी, विवेक त्रिवेदी, सुयश प्रताप सिंह, रचित, आयुष, आदित्य यादव, प्रखर त्रिवेदी, नितिन, शिवा त्रिपाठी, सचित दीक्षित, अभय अवस्थी के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गाय के बछड़े को लेकर सदरपुर में खूनी संघर्ष, 13 घायल



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। थाना सदरपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद में गुरुवार देर शाम एक मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। गाय के बछड़े के दरवाजे पर जाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि ईंट–पत्थर, लाठी–डंडे और धारदार हथियार चलने लगे। इस हिंसक घटना में करीब 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में द्वारिका प्रसाद और उनके चार बेटे, बहुएं शामिल हैं। घायल हुए लोगों में अवनीश, कविता, ओमेश, अनिल, सुरेश आदि को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूत्रों के अनुसार, विवाद का कारण गाय के बछड़े का दूसरे पक्ष के सुनील के दरवाजे पर पहुंचना था, जो पहले भी दोनों पक्षों के बीच तनाव का कारण बन चुका था। गुरुवार को फिर से इस मुद्दे पर तकरार बढ़ी और देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया है ताकि भविष्य में कोई और तनाव पैदा न हो। यह घटना पूरे गांव में अफरा–तफरी का माहौल पैदा कर गई और लोग इधर–उधर भागने लगे। गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी जारी है।

## इंजीनियर का शव बाइक समेत 15 फीट गहरी खाई में मिला



न्यूज वाणी ब्यूरो

सदरपुर, सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह एक हृदय विदारक दुर्घटना सामने आई है। यहां तालाब किनारे स्थित 15 फीट गहरी खाई में एक युवक का शव उसकी बाइक समेत पड़ा मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान लखनऊ निवासी और बहराइच में कार्यरत एक मोबाइल कंपनी के इंजीनियर अनुज वर्मा के रूप में हुई है। घटना और शिनाख्त हादसे की जानकारी सुबह उस समय हुई जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे और उनकी नजर सड़क किनारे खाई में पड़ी बाइक और शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना सदरपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच शुरू की। मृतक के पास से मिले पहचान पत्र (आईई काडी) के आधार पर उसकी शिनाख्त लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र निवासी अनुज वर्मा के रूप में हुई, जो बहराइच में एक मोबाइल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि अनुज वर्मा किसी काम से बहराइच गए थे और देर रात लखनऊ वापस लौटते समय वह इस हादसे का शिकार हो गए। आशंका जताई जा रही है कि देर रात अंधेरे के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना संभावित क्षेत्र स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस सड़क पर यह हादसा हुआ है, वहां रात में यातायात कम होता है और घना अंधेरा रहता है, जिसके कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम .ष्टया यह मामला सड़क हादसे का है, लेकिन मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

## सामूहिक विवाह से ठीक पहले दूल्हे की दर्दनाक मौत

### घने कोहरे में हुआ भीषण हादसा, पिता व मां भी घायल, दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले में गुरुवार को खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी के लिए जा रहे एक दूल्हे की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। यह भीषण हादसा घने कोहरे के कारण सीतापुर–गोला मार्ग पर हुआ। ब्रेक लगी ट्रैक्टर–ट्रॉली में जा घुसा ई–रिक्शा इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में टीकर बहादुरपुर गांव का रहने वाला दूल्हा अंकित कुमार (उम्र ज्ञात नहीं) अपनी शादी के लिए सुबह करीब 7 बजे ई–रिक्शा से रवाना हुआ था। अंकित की शादी रामकोट की पूजा से तय हुई थी। सामूहिक विवाह समारोह अंगदपुर परसेंडी में होना था।

सीतापुर–गोला मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास बताया जा रहा है कि घने कोहरे के चलते आगे चल रहे एक ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। पीछे आ रहा ई–रिक्शा, जिसमें दूल्हे समेत 7 लोग सवार थे, कोहरे के कारण कुछ देख नहीं पाया और सीधे ट्रैक्टर–ट्रॉली में जा घुसा। सीने के आर–पार हुई लोहे की रॉड टक्कर इतनी भीषण थी कि ई–रिक्शा की अगली सीट पर बैठे दूल्हा अंकित कुमार मुंह के बल आगे की ओर गिरा। ई–रिक्शा के फुटरेस्ट के पास का लोहे का एंगल (रॉड) उसके सीने के आर–पार हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ई–रिक्शा में सवार अंकित के पिता शिवकुमार (45), मां शिवपति और चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मैं और बेटा आगे बैठे थे। अचानक जोर की टक्कर हुई। देखते ही देखते ई–रिक्शा का लोहे का एंगल अंकित के सीने में घुस गया। हम जब तक कुछ समझ पाते, वह खत्म हो गया। पलभर में सब कुछ खत्म हो गया। दुल्हन और मां का हाल–बेहाल हादसे की खबर जैसे ही दुल्हन पूजा और उसकी मां राजेश्वरी को मिली, वे रोते हुए अस्पताल पहुंचीं। दुल्हन लगातार दूल्हे का शव देखती रही और बीच–बीच में चीख पड़ती थी। दुल्हन की मां राजेश्वरी ने रोते हुए बताया, ष्आज ही मेरी बेटी की अंकित से शादी थी। काफी खोजबीन के बाद अच्छा रिश्ता मिला था। बेटी का रो–रोकर बुरा हाल है। वह सिर्फ रोए जा रही है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू की एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। मामा सर्वेश ने बताया कि पूरे परिवार में शादी को लेकर बहुत खुशी थी, लेकिन हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भोजन के बाद आठ छात्राओं की बिगड़ी हालत

### - उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेउसा, सीतापुर। जनपद के रेउसा



स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में गुरुवार शाम अचानक स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्या का सामना करने वाली आठ छात्राओं ने जिले के स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों को चौकस कर दिया। भोजन के बाद छात्राओं को पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत हुई, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद सभी छात्राओं को प्राथमिक उपचार के लिए रेउसा अस्पताल लाया गया। दो छात्राओं, पल्लवी और ज्योति, की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ के एक उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने घटना की जानकारी मिलते ही शुक्रवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती छात्राओं के इलाज के बारे में डॉक्टरों से पूरी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया। इस टीम में मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, चिकित्सक और खाद्य सुरक्षा अधिकारी को शामिल किया गया है। यह जांच समिति 24 घंटे के भीतर पूरे प्रकरण की जांच करेगी और अपने निष्कर्षों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जाए और छात्राओं को हर संभव चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। भोजन की गुणवत्ता पर सवाल, सैंपल भेजे गए जांच के लिए विद्यालय प्रशासन ने बताया कि भोजन में क्या समस्या थी, यह फिलहाल साफ नहीं हो पाया है। इसके बावजूद, खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भोजन के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। यह जांच इस बात का खुलासा करेगी कि कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी, जैसे कि खाद्य सामग्री की खराबी या मिलावटी सामग्री का उपयोग तो नहीं किया गया था। परिजनों में चिंता, प्रशासन ने दिया आश्वासन घटना के बाद छात्राओं के परिजनों में भी गहरी चिंता का माहौल है लेकिन जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने छात्राओं की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने का भी आश्वासन दिया है। अस्पताल में भर्ती छात्राओंकी स्थिति सामान्य फिलहाल, बाकी सभी छात्राओं की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। सभी को आवश्यक चिकित्सा सुविधा दी जा रही है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर डॉक्टरोंद्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। समाज में चिंता, प्रशासन पर जिम्मेदारी यह घटना न केवल कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं के स्वास्थ्य पर सवाल खड़ा करती है बल्कि पूरे विद्यालयी भोजन प्रणाली पर भी सवाल उठाती है। ऐसे में जिला प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है खासकर जब बच्चों की सेहत और सुरक्षा का सवाल हो। नागरिकों ने प्रशासन से यह अपील की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर सख्ती से निगरानी रखी जाए।

## बिल्डिंग हादसे में मजदूर की हत्या का मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। बिसवा कोतवाली क्षेत्र में पांच दिसंबर को सड़क किनारे काली पन्नी में लिपटे युवक के शव मिलने के मामले में पुलिस ने अहम सुराग जुटाए हैं। मृतक की शिनाख्त बहराइच निवासी दामोदर के रूप में हुई, और अब पुलिस ने उसकी पत्नी संगीता देवी की तहरीर पर लखनऊ के बिल्डर विजय गुप्ता, ठेकेदार अलीम और मुनीम अच्छेलाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शव के पास कुछ कागजात मिले थे, जिनसे मृतक की पहचान की गई। जांच में यह सामने आया कि दामोदर लखनऊ में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी कर रहा था और परिवार का भरण–पोषण करता था। पुलिस के मुताबिक, संगीता देवी ने आरोप लगाया है कि दामोदर जिस बिल्डिंग में काम करता था, वहां बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से हादसा हुआ और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी के अनुसार, बिल्डर और ठेकेदारों ने न तो सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए और न ही हादसे के बाद पुलिस को सूचित किया। इसके बजाय, उन्होंने शव को काली पन्नी में लपेटकर रात के अंधेरे में बिसवा इलाके में फेंक दिया और फरार हो गए। संगीता देवी ने यह भी आरोप लगाया कि यह सब उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए किया और मृतक के परिवार के साथ नाइंसाफी की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में इन आरोपों को गंभीर माना है और मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से लेकर शव के फेंके गए स्थान तक के सभी साक्ष्य जोड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपियों के मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरतार किया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोग और मजदूर संगठन भी मामले को लेकर आंदोलित हैं और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सख्त नियमों का पालन किया जाना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों।

## एएसपी ने प्रशिक्षुओं को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का पाठ पढ़ाया



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें नई संहिता के अद्यतन प्रावधानों, प्रक्रियाओं व आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकताओं पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और प्रभावी बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण बदलाव शामिल किए गए हैं इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक पुलिसकर्मी इन प्रावधानों को भली–भाँति समझे और इन्हें व्यावहारिक रूप से लागू करने में दक्ष हो। प्रशिक्षण के दौरान गिरतारी एवं जमानत संबंधी संशोधित प्रावधानों, मामलों की समयबद्ध व वैज्ञानिक जांच, महिला व बच्चों से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता आधारित कार्यवाही, डिजिटल सबूतों के संरक्षण एवं उपयोग, पुलिस की जवाबदेही एवं व्यवहार संहिता जैसे बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई। रिक्रूट आरक्षियों को बताया गया कि नई संहिता के तहत तकनीक का उपयोग बढ़ेगा, इसलिए डिजिटल रिकॉर्डिंग, ऑनलाइन रिपोर्टिंग और तकनीकी उपकरणों के सही उपयोग का कौशल आवश्यक है। अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि कानून का ज्ञान फील्ड में व्यवहारिक उपयोग के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पुलिसकर्मी को जनता के साथ संवाद करते समय संवेदनशीलता, धैर्यता और सदाचार व्यवहार का पालन करना चाहिए। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को निर्देश दिया कि वे संहिता के प्रावधानों का गंभीरता से अध्ययन करें और पुलिस सेवा के दौरान इनका शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें।

## घने कोहरे के कारण स्कूल बस व ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर, बड़ा हादसा टला



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। शुक्रवार सुबह मछरेहटा थाना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण एक बड़ा हादसा होते–होते बच गया। बीहट बीरम हाटबाजार के पास बच्चों से भरी एक स्कूल बस अचानक सामने से आ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। इस हादसे में एक बच्चा और दो शिक्षकों को हल्की चोटें आईं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के समय बस में 28 बच्चे सवार थे, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बीहट बीरम स्थित आरजेजे स्कूल की बस रोज की तरह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, लेकिन सुबह के घने कोहरे ने विजिबिलिटी को काफी कम कर दिया था। ट्रैक्टर–ट्रॉली में रिलेक्टर नहीं लगे थे और लाइट भी नहीं जल रही थी, जिससे बस चालक को वाहन दिखाई नहीं दिया और बस ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर के बाद बस में बैठे बच्चों में चीख–पुकार मच गई। बस चालक ने किसी तरह बस को संभालते हुए सड़क किनारे रोका। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्कूल प्रशासन ने तुरंत घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां उनकी चोटों को सामान्य बताया गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया, जबकि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मछरेहटा पुलिस ने बताया कि कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कोहरे के मौसम में वाहनों पर रिलेक्टिव टेप और लाइट लगाने की सख्त व्यवस्था लागू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## स्वास्थ्य शिविर में होगी निःशुल्क परामर्श व जांच : विकास




न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। स्वर्गीय अवधेश सिंह की पुण्य स्मृति में आगामी शनिवार को बलीपुर बाजार में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर इंडियन मेडिकल एसोसियेशन रायबरेली, सिमहँस हॉस्पिटल, मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ रीजेन्सी हॉस्पिटल कानपुर एवं संकुश कैंसर हॉस्पिटल रायबरेली के संयुक्त सहयोग से आयोजित होगा। शिविर में सुबह 11 बजे से 03 बजे तक हृदय रोग, हड्डी रोग, सामान्य रोग आंख, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही फाइब्रोस्कैन, पीएफटी, सहित कई महत्वपूर्ण जांचें भी निःशुल्क की जाएंगी। शिविर में उपलब्ध प्रमुख जांचें आंखों की जांच ब्लड शुगर ईसीजी, हीमोग्लोबिन, बीएमडीयूरिक एसिडबीएमआई। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विकास कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। समाजसेवी विकास सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की यह सराहनीय पहल स्थानीय नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी। उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए क्षेत्र के लोग इस आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

## व्यापारियों ने डीएम की चौखट पर लगाई फरियाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने जिलाधिकारी से दुकान लगाने की अनुमति मांगी है। दुकानदारों ने बताया कि अभी हाल ही में उनकी दुकानों



को हटाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कहा गया था। दुकानदारों ने कहा कि रोजमर्रा का जीवन यापन करने वाले, हम छोटे व्यापारी फुटपाथ पर दुकान लगा कर अपने बच्चों के पालन पोषण का इंतजाम करते हैं लेकिन फुटपाथ से दुकानें हमारी हटा दी गई तो हमारे बच्चे भूखे मरने की कगार पर पहुंच जाएंगे। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के जेएन डिग्री कॉलेज रोड का है। जहां 50 व्यापारी फुटपाथ पर कपड़े, जूते, मोजे, तथा अन्य छोटी–छोटी सामग्रियों को रखकर बेचने का काम करते हैं। वहीं दुकानदारों ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से हाल ही में दुकानें यहां से हटाने की बात कही गई है, जिस वजह से दुकानदार काफी मायूस और परेशान दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल दुकानदारों ने जिला अधिकारी बांदा, जे रीभा से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाई है। दुकानदारों ने बताया की डीएम ने सभी दुकानदारों से कहा कि सड़क से 5 फीट अंदर दुकान दुकानदार लगाएं। डीएम के इस निर्देश के बाद सभी दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें! आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबूनगर-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, बी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए. जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# खबर पर दबाव या कार्रवाई से न घबराएँ× नेशनल मीडिया प्रेस क्लब हर पीड़ित पत्रकार के साथ मजबूती से खड़ा है




कानपुर पत्रकारिता लोकतंत्र की रीढ़ है और प्रिंट पत्रकारों का कार्य समाज में सच्चाई को स्थापित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है, लेकिन कई बार खबरों के प्रकाशन के बाद पत्रकारों को शासन–प्रशासन द्वारा अनावश्यक दबाव, झूठी शिकायतों, पूछताछ या गलत मुकदमों का सामना करना पड़ता है, जिससे पत्रकार न केवल मानसिक रूप से परेशान होता है बल्कि उसके पेशे की स्वतंत्रता पर भी सीधा आघात होता है। ऐसी किसी भी स्थिति में पत्रकार साथी यह कभी न समझें कि वे अकेले हैं क्योंकि नेशनल मीडिया प्रेस क्लब देश के प्रत्येक पत्रकार की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सक्रिय है और किसी भी परेशानी की स्थिति में संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाता है। यदि किसी पत्रकार या संपादक पर खबर के आधार पर अनुचित कार्रवाई होती है तो वह अपनी शिकायत भारतीय प्रेस परिषद यानी च्त्मै ब्नदबपस व ष्टिकपं को भी भेज सकता है, जो पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा हेतु गठित एक वैधानिक संस्था है और जहां शिकायतों पर विधिक और संस्थागत स्तर पर सुनवाई की जाती है तथा दोषी अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा सकती है। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा भेजी गई एक पूर्व शिकायत पर प्रेस परिषद से प्राप्त पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रेस परिषद (जांच प्रक्रिया) विनिमय, 1979 की धारा 3(f) के अनुसार शिकायत दर्ज करने की अधिकतम समय–सीमा दैनिक और साप्ताहिक समाचार पत्रों के लिए दो महीने तथा पाक्षिक और मासिक समाचार पत्रों के लिए चार महीने निध् ारित की गई है, इसलिए यदि किसी पत्रकार के साथ खबरों के आधार पर कोई अन्याय होता है तो वह कतई न घबराए और नियत समय सीमा के भीतर पूरी जानकारी, तथ्य और प्रमाणों के साथ अपनी शिकायत परिषद को भेजे। शिकायत लिखने, प्रारूप समझने या दस्तावेज तैयार करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर पत्रकार सीधे नेशनल मीडिया प्रेस क्लब कार्यालय पर संपर्क कर सकता है जहां विशेषज्ञ टीम द्वारा निःशुल्क सहायता प्रदान की जाती है ताकि किसी भी पत्रकार की आवाज दब न सके और उसे न्याय दिलाने की पूरी प्रक्रिया विधिक रूप से मजबूत हो। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब का लक्ष्य है कि देश का कोई भी पत्रकार किसी भी स्तर पर प्रताड़ना, दबाव या दमन का शिकार न हो और हर पत्रकार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गरिमा, सम्मान और स्वतंत्रता के साथ कर सके। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि सच्चाई के पक्ष में खड़े हर पत्रकार के साथ नेशनल मीडिया प्रेस क्लब हमेशा मजबूती से खड़ा रहेगा और उसके सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय के लिए हर मंच पर संघर्ष करता रहेगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखा छात्रों का टैलेंट

## -राम कलप शुक्ल की 25वीं पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह व बाल मेले का हुआ आयोजन



अयोध्या(संवाददाता)। स्वर्गीय राम कलप शुक्ल की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में सम्मान समारोह, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन हुआ। क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य लोगों और अभिभावकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि शिक्षक बीरेंद्र दूबे ने पंडित महीप तिवारी के द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच स्वर्गीय शुक्ल और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि के साथ प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। हाइड्रोलिक ब्रिज, न्यूक्लियर पावर प्लांट, ह्यूमन ब्रेन, स्किन स्ट्रक्चर, हर्ट फंक्शन, न्यूरॉन स्ट्रक्चर, फायर डिटेक्टर, अर्थक्वेक अलार्म, मून फेज, दिल्ली बम ब्लास्ट, इंडियन आर्मी बेस, राम मंदिर, जेरॉक्स मशीन, चंद्रयान, अशोक वाटिका आदि सामाजिक , राजनैतिक, विज्ञान और अर्थ जगत की गतिविधियों को समेटे सैकड़ों मॉडल को देख उपस्थित लोगों ने बच्चों की प्रतिभा का लोहा मानने के साथ शिक्षकों के प्रति भी अपना आभार जताया। मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने कहा कि इतनी विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। इसके अलावा बच्चों द्वारा लगाए गए स्वनिर्मित दर्जनों फूड स्टॉल का उपस्थित लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थी विद्यालयी प्रतिस्पध् ाा के दौर से दूर जहाँ तनाव तथा अनुशासन के बंधन से स्वयं को मुक्त महसूस करते हैं वहीं दूसरों के साथ अपने अनुभव को साझा कर आनन्द के प्रत्येक पल का साथियो के संग लुफ्त भी उठाते हैं। पूरा कार्यक्रम प्रध् ाानाचार्या शिखा दूबे और प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री देवी, अशोक तिवारी, अभिषेक सिंह भोला, संजीव तिवारी, प्रेम यादव, राम सुख मौर्या, पवन तिवारी, राजू दूबे, विकास सिंह, ज्ञानी यादव, सिया राम विश्वकर्मा, सज्जन पाठक, मोनू तिवारी, उमा शंकर तिवारी, राम अवतार प्रजापति, दया शंकर तिवारी, सोनू यादव, हरि ओम तिवारी, अनिल पाण्डेय, गौतम सिंह आदि सैकड़ों अभिभावक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# कृषि विवि के विद्युत कर्मी को प्रभारी सुरक्षा अधिकारी ने जमकर पीटा

## -पीड़ित विद्युत कर्मी की पत्नी ने मुकदमा काम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को दी तहरीर

## -एनडीए चौकी प्रभारी पर भी पिटाई का लगा आरोप



मिल्कीपुर–अयोध्या(संवाददाता)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्युत विभाग में फिक्स मानदेय पर काम कर रहे विद्युत कर्मी को विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी एवं एनडीए चौकी प्रभारी द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद पीड़ित विद्युत कर्मी की पत्नी ने प्रभारी सुरक्षा अधिकारी सहित एनडीए चौकी प्रभारी के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरई पारा गांव निवासी बबलू यादव कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित बिजली विभाग में अस्थाई फिक्स मानदेय पर हेल्पर पद पर कार्यरत है। प्रस्तुत की गई तहरीर में उल्लेखित किया गया है कि बीते 9 दिसंबर को विश्वविद्यालय के कालिंदी एवं अमरावती छात्रावासों की लाइट खराब थी जिसे बनाने में कुमारगंज बाजार से कई बार सामान लाने हेतु उन्हें आना–जाना पड़ा था और वह सामान लेकर रात करीब 7:00 बजे विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 से हॉस्टल जा रहे थे जहां प्रशासनिक भवन के सामने एक अपरिचित व्यक्ति ने उन्हें हाथ देकर रोकना चाहा किंतु उन्होंने अपनी बाइक नहीं रोकी और सीधे विश्वविद्यालय के हॉस्टल पहुंचे थे, जहां लगभग 45 मिनट तक खराब लाइट दुरुस्त करने के उपरांत वह अपनी बाइक से अपने घर के लिए निकले थे। बबलू यादव विश्वविद्यालय के ग्रेड नंबर 2 पर पहुंचे ही थे कि प्रशासनिक भवन के सामने हाथ देकर बाइक रोकने वाला व्यक्ति उन्हें पुनः मिला और उसने गेट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को ललकारा व कहा रोक लो और मार गिराओ। आरोप है कि बबलू यादव ने गेट बंद होने की दशा में बाइक रोक दी, इतने में विश्व विद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ विनोद कुमार सिंह उनके पास पहुंच गए और उन्होंने बबलू को बाइक समेत नीचे ध् ाकेल दिया और अपने जूते की ठोकरों से उन्हें कई बार मारा तथा कहा कि हरामजादे को विश्वविद्यालय से बाहर नहीं जाने देना है इसे मार गिराओ। आपा खो बैठे सुरक्षा प्रभारी विनोद सिंह ने बबलू यादव की बाइक के दोनों चक्कों की हवा निकाल दी और बाइक की टंकी पर भी जूते से कई वार किया। इतने पर भी जी नहीं भरा, तब उन्होंने एनडीए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरिशंकर राय को भी बुला लिया और उन्होंने भी महिला के पति बबलू यादव को डंडों तथा थप्पड़ों से जमकर पीटा। इसके चलते विद्युत कर्मी के सिर, मुंह तथा शरीर पर गंभीर चोटे आ गई। महिला ने अपने पति को घर आने में विलंब देख पति के मोबाइल पर कोई कॉल किया किंतु फोन नहीं उठ सका और वह लगातार कॉल करती रही। हालांकि इसी बीच उसका फोन उठ गया और उन्होंने रो–रो कर अपनी पत्नी से सारी आपबीती बताई। इसके उपरांत महिला ललिता यादव ने अपने

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने विमोचित किया अयोध्या महोत्सव का पोस्टर



अयोध्या(संवाददाता)। लखनऊ विधानभवन स्थिति अपने कार्यालय में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। 17वी बार आयोजित होने जा रहा अयोध्या महोत्सव इस वर्ष 25 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 05 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा स यह आयोजन राजकीय पालीटेक्निक के निकट स्थिति फॉर एवर लॉन अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है। दूरदूरिया पूजन एवं संत समागम से प्रारम्भ होने वाले इस आयोजन में लोक संस्कृतियों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएँगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के बड़े कार्यक्रमों में शामिल अयोध्या महोत्सव अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है स अयोध्या की कला संस्कृति विरासत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन नितान्त आवश्यक हैं। आज अयोध्या भव्यता दिव्यता का प्रतीक बन चुकी है। सम्पूर्ण विश्व श्री राम के जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर धर्म ध्वजा स्थापित हो चुकी है। आज अयोध्या एक पवित्र तीर्थ आध्यात्मिक नगरी पर्यटन स्थल और कला संस्कृति के केंद्र के रूप में स्थापित हो रही है स ऐसे समय में अयोध्या महोत्सव जैसे आयोजन अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से कला और संस्कृति को एक मंच प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी उपस्थिति रहे। न्यास अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ एवं श्री राम लला सरकार का चित्र भेंट किया। हरीश श्रीवास्तव ने महोत्सव की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष के साथ पोस्टर विमोचन में प्रबंधक आकाश अग्रवाल, प्रबंधक निदेशक नाहिद कैफ, महासचिव अरुण कुमार द्विवेदी, ऋचा उपाध्याय, निदेशक विजय यादव एवं जनार्दन पांडेय उपस्थित रहे।

# सप्तांक के सूत्र से अलंकृत होगा माघ मेला 2026

## 7 रंगों से होगा माघ मेले का श्रृंगार

## मैजिक नंबर 7 पर केंद्रित होगी माघ मेला की सजावट और बसावट




प्रयागराज(संवाददाता)। प्रयागराज के संगम तट पर जनवरी में आयोजित होने जा रहे माघ मेले को नव्य स्वरूप देने की मेला प्रशासन की कोशिश है। मेला को इस बार नया स्वरूप देने के लिए माघ मेला प्रशासन इसे

मानव शरीर के सात ऊर्जा चक्रों की थीम पर विकसित करने जा रहा है।मेला प्रशासन की तरफ से मेले की नव्य थीम आधारित बसावट और सजावट का प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत किया गया है।

भारतीय धर्म शास्त्र और दर्शन में 7 अंक का विशेष महत्व है जो धार्मिक दृष्टि से लेकर रीति–रिवाजों और मान्यताओं तक दिखता है। भारतीय दर्शन , अध्यात्म और ज्योतिषीय विषयों के जानकार आचार्य हरि कृष्ण शुक्ला बताते हैं कि हिंदू धर्म में सात (7) एक अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक संख्या है जो हिंदू सनातन धर्म और संस्कृति की विभिन्न दिव्य अवधारणाओं और दर्शनों का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करता है। शरीर में ऊर्जा के केंद्र 7, संगीत के सुर 7 , इंद्रधनुष के रंग 7, सप्तऋषियों में ऋषियों की संख्या 7 और जीवन की पूर्णता के संकल्प 7 इसी अवधारणा पर केंद्रित हैं। इसी अवधारणा पर माघ मेले की सजावट और बसावट की मेला प्रशासन की योजना है।

माघ मेले के अनुभव को पहले की अपेक्षा और बेहतर एवं सुन्दर बनाने हेतु इस बार माघ मेला प्रशासन ने कई कदम उठा रहा है। मेला प्रशासन ने इसके लिए शासन को जो प्रस्ताव भेजा है उसमे सबसे पहले 7 सेक्टरों में विभाजित माघ मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स को अलग पहचान देने के लिए उसे इंद्रधनुष में शामिल रंगों में अलग रंगों 7 रंगों का प्रयोग है। सभी सेक्टरों के अलग–अलग स्वागत द्वारों को उनके संबंधित रंगो के अनुसार बनाये जाने का प्रस्ताव भी शामिल है। हर सेक्टर की चहारदीवारी पर एक 3 फुट चौड़ी सीमांकन पट्टी का प्रस्ताव जिससे मेले का आकार दृष्टिगत रूप से व्यवस्थित दिखेगा। इस पट्टी पर उत्तर प्रदेश सरकार एवं माघ मेला का प्रतीक चिन्ह भी अंकित होगा। आम जनता के लिए विभिन्न सेक्टर्स व उनकी मुख्य सड़को की पहचान को सुगम बनाने में इससे मदद मिलेगी। मेले के सात सेक्टर्स में स्थापित 7 प्रवेश द्वार भी 7 अलग रंगों के होंगे। सभी सात पोन्टून पुलों को सात ऊर्जा चक्रो के इंद्रधनुषी रंगो से अलग अलग अलंकृत किया जाने का प्रस्ताव है। हर पोन्टून पुल पर संरचनात्मक सुरक्षा का ध्यान रखते हुऐ कैनोपी का निर्माण होगा। चारो ओर से साफ दिखने के कारण यह कैनोपी पुलों को अति आकर्षक बनाएगी।

पोन्टून पुलों पर पूर्व स्थित लाइट के खम्बो पर एल.ई.डी में धार्मिक चिन्ह के साथ, पुलों के रंगो के अनुसार, झंडे लगाए जाएंगे।यह दिन और रात दोनों समय में इन पुलों की शोभा बढ़ाएंगे। मेले के प्रवेश द्वार, पहुंच मार्घ एवं पुलों को आकर्षक बनाने का प्रस्ताव इसमें शामिल है। संगम की नाव भी इस नई सोच से सराबोर नजर आएंगी। नौकाओं पर सात रंगो में की छतरियां लगेंगी । यह छतरियां बैटरी द्वारा चलने वाली एल.ई.डी लाइट्स से युक्त होंगी।इन छतरियों पर मेले की ब्रांडिंग की जाएगी। सुसज्जित छतरियां मेले को अति आकर्षक बनेगी, क्योंकि नदी में इनकी उपस्तिथि सबसे अधिक दिखाई देती हैं। इसके अलावा पहली बार घाटों के किनारे चेंजिंग रूम पर भी कलर कोड दिखेगा। संगम के जल में फव्वारा बनाए जाएंगे जिसे 7 रंगों की रोशनी से सुसज्जित किया जाएगा जो रात में दूर से 7 रंग की जल द्वारा प्रवाहित करते नजर आएंगे।

# ”प्रयागराज ने खो दिया अपना ‘गंगा पुत्रश



प्रयागराज(संवाददाता)। प्रयागराज की सामाजिक चेतना और समाजसेवा की धुरी रहे गंगा पुत्र व दादा नाम से लोकप्रिय पूर्व सभासद कमलेश दादा के निधन से शहर शोकाकुल है। सरलता, ईमानदारी और जनहित के लिए अडिग संघर्ष की प्रतिमूर्ति रहे कमलेश दादा तीन बार निर्दलीय पार्षद चुने गए और हमेशा जनता की आवाज को सबसे ऊँचे मंचों तक पहुँचाकर वास्तविक जनप्रतिनिध् ाि की मिसाल बने।जीवनभर सेवा को ही साधना मानने वाले कमलेश दादा ने जीवित रहते नेत्रदान किया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय, प्रयागराज की विशेषज्ञ टीम पहुँची और अत्यंत कुशलता पूर्वक उनका नेत्र निकालकर आगे की प्रक्रिया पूरी की।कमलेश दादा ने देहदान का संकल्प भी लिया था, परंतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण देहदान की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी।परिवार का दायित्व और अंतिम संस्कार अंतिम समय में उनकी सेवा व देखभाल उनकी भांजी स्वाती (ममता) कर रही थीं। अंतिम संस्कार में उनके भतीजे तनमय सिंह ने हिंदू विधि–विधान से मुखाग्नि देकर दादा को अंतिम विदाई दी।दारागंज घाट पर आयोजित भावुक शोक सभा का संचालन वरिष्ठ सभासद शिवसेवक सिंह ने किया। दादा के संघर्ष, उनके बेबाक स्वभाव और बिना स्वार्थ वाली राजनीति की चर्चा करते हुए पूरे वातावरण को करुण और श्रद्धामय बना दिया। जिसमे शहर की राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक, न्यायिक धारा एक साथ उमड़ पड़ी। महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि कमलेश दादा संगम के अस्तित्व पर संकट की समस्या मेरे सामने लेकर आये थे जिसके लिए जल मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को अग्रिम कार्यवाही के लिए वार्ता करके पत्र दिया हूँ स पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि हमने अपना एक कर्मयोगी खो दिया जो मेरी अपूर्णीय क्षति है। वरिष्ठ पार्षद आनंद घिल्डियाल, अजय यादव, सुनीता दरवारी, कुसुम लता, राजू शुक्ला, अशोक सिंह, मुकुंद तिवारी, भोला तिवारी, आशीष तिवारी, नेम यादव, दिलीप जायसवाल, कॉमरेड डॉ. कमल उसरी, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, अवनीश मिश्र, दिनेश गुप्ता, पूर्व पार्षद छेदी, चन्द्र प्रकाश, आनंद अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद मुकेश लारा, पूर्व पार्षद अनिल गुप्ता, अशोक कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीनारायण यादव, पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, बसपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद दिलीप चौरसिया, अमरजीत यादव, वरिष्ठ पूर्व पार्षद अशोक कुमार सिंह, समाजसेवी समीर चंदेला, तनू केशरवानी, वरिष्ठ पार्षद अमित सिंह, पार्षद बब्लू रघुवंशी, भास्कर पटेल, रतन राज सिंह, देवी पाण्डेय, सचिन मिश्र, कॉमरेड हरिश्चंद्र द्विवेदी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी.के. मिश्रा, जोनल अधिकारी संजय ममगई, अशोक कुमार, अल्लापुर चार के जोनल अधिकारी विकास सेन, अच्छे लाल कुशवाहा, सत्येंद्र सिंह मुन्ना, बृजेश सिंह, देवेंद्र तिवारी (गंगा महासभा),ग जेंद्र सिंह नैनी, हरिश्चंद्र सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख), पार्षद रणविजय सिंह सहित सैकड़ों समाजसेवी, व्यापारी, अधिवक्ता व नगरवासी उपस्थित रहे।

# प्रयागवाल व तीर्थपुरोहित के लिए भूमि आवंटन 16 दिसम्बर से प्रारम्भ

प्रयागराज(संवाददाता)। अपर मेलाधिकारी, माघ मेला ने बताया है कि माघ मेला 2025–26 में साधु–संतो, संस्थाओं एवं प्रयागवालध्तीर्थपुरोहितों को विगत वर्षों की भांति परम्परानुसार भूमिध्सुविधाओं का आवंटन किया जाना है। माघ मेला 2025–26 में 15 दिसंबर को अरैल, नागवासुकी मार्ग, हरिशचन्द्र मार्ग के लिए भूमि का आवंटन, प्रयागवालध्तीर्थपुरोहित के लिए भूमि आवंटन 16 दिसम्बर से प्रारम्भ, 16 दिसम्बर को गंगोली शिवाला मार्ग, ओल्ड जी0टी0 मार्ग, अलोपशंकरी मार्ग एवं तुलसी मार्ग, दिनांक 17 दिसम्बर को समयामाई मार्ग, सूरदास मार्ग, गणपति मार्ग, कबीर नगर 18 दिसम्बर को अक्षयवट मार्ग, संगम वापसी मार्ग, लाल सड़क, परेड, हर्षवध् ान मार्ग, अन्नपूर्णा रामानुज मार्ग, 19 दिसम्बर को त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग, संगम अपर मार्ग, सरस्वती मार्ग, महावीर मार्ग, मोरी मार्ग, गाटा मार्ग एवं अन्य संस्थाए एवं 20 दिसम्बर को समुद्रकूप मार्ग एवं इण्टरलॉकिंग मार्ग से0–4, भारद्वाज मार्ग, संगम लोवर मार्ग एवं शास्त्री गाटा के लिए भूमि का आवंटन किया जायेगा।अपर मेलाधिकारी, माघ मेला ने बताया है कि सुविधा पर्चियों की प्राप्ति हेतु पहचानयुक्त फोटो एवं आधार कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों में उपरोक्त तिथियों में परिवर्तन सम्भव है। कहा है कि जिन संस्थाओं द्वारा विगत वर्ष कुम्भ, महाकुम्भ, माघ मेला अथवा अन्य किसी वर्षों में टिन, टेण्टेज, फर्नीचर की सुविधायें प्राप्त कर वापस नहीं की गयी है,

# साधना का चयन अरुणाचल प्रदेश की अंडर-19 टीम में

प्रयागराज(संवाददाता)। कैंटोनमेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु साधना पाल का चयन बीसीसीआई द्वारा नागपुर में 13 से 21 दिसंबर तक आयोजित वूमेंस अंडर–19 वन–डे ट्रॉफी के लिए अरुणाचल प्रदेश की टीम में हुआ है। अरुणाचल प्रदेश की टीम 13 दिसंबर को मणिपुर के खिलाफ अपना मुकाबला खेलेगी। अशोक नगर निवासी हरिश्चंद्र पाल एवं शमा पाल की पुत्री साधना कैंटोनमेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी के कोच संजीव कुमार से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। दाहिने हाथ की ओपनर बल्लेबाज साधना के चयन पर छावनी परिषद प्रयागराज के मुख्य अध् िाशाषी अधिकारी मोहम्मद समीर इस्लाम और कैंटोनमेंट बोर्ड क्रिकेट अकादमी के कोच संजीव कुमार ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# दर्जी ट्रेड हेतु 50 प्रशिक्षणार्थियों को मिली टूलकिट की सौगात

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र परिसर में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत दर्जी ट्रेड हेतु 50 प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु टूल–किट का वितरण ब्लाक प्रमुख तेजवापुर के प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, विभिन्न उद्यमी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# डोकरी में किसान पाठशाला का आयोजन, दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तेजवापुर ब्लाक के ग्राम पंचायत डोकरी में किसान पाठशाला का आयोजन हुआ। जिसमें .षि विभाग के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए पंकज कुमार ने .षकों को फार्मर रजिस्ट्री का महत्व व उपयोगिता के बारे में बताया। वरिष्ठ प्राविध् ाक सहायक ग्रुप बी आरपी सिंह ने रबी, दलहन, तिलहन के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। प्राविधिक सहायक कुलदीप कुमार ने प्रा.तिक खेती एवं हरी खाद के बारे में जानकारी दी। उद्यान विभाग से नीरज त्रिवेदी एंव विनोद मिश्रा ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। आईटीसी के अजय वाजपेई ने संस्था द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। आरपी सिंह ने बताया कि किसान पाठशाला कार्यक्रम तेजवापुर ब्लाक क्षेत्र के समस्त न्याय पंचायतों में किया गया है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि शिवराम वर्मा, सीआरपी सुंदर लाल, .षि सखी रुक्मणी, मुन्ना लाल, उदय नारायण, विजय प्रताप, देशराज सिंह समेत सैकड़ों .षकों मौजूद रहें।

# टाउन एरिया में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी की नोटिस जारी करने पर भड़के लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में गृह और जल टैक्स बढ़ाकर नोटिस दिये जाने से आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि जल्द बढ़ा टैक्स कम न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे वार्ड संख्या दो के सभासद एहसानुल हक ने कहा कि नगर पंचायत में मनमाने तरीके से हाउस और जलकर टैक्स बढ़ाने का फैसला गलत है। कहा कि चार गुना से अधिक हाउस टैक्स बढ़ोतरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि किसी का एक मंडा की जमीन है तो किसी का इससे अधिक जबकि किसी की अभी खाली जमीन है उसपर भी हाउस और जलकर की नोटिस जारी कर दी गई है। सभासद एहसानुलहक ने बताया कि ग्राम पंचायत के बाद एरिया की अभी तो नगर पंचायत में शामिल किया गया है। कहा कि यहां न तो कोई औद्योगिक क्षेत्र है और नहीं रोजगार के कोई बड़े साधन। मेंगजदूरी, बुनकरी कर लोग किसी तरह जीवन गुजारते हैं ऐसे में नगर पंचायत द्वारा मनमाने तरीके से लगाए गए हाउस टैक्स और वाटर टैक्स को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान तारीक जमाल, समीम, अजहर, रिजवान, मुमताज अहमद, रियाज, उस्मान, सुभान मोहम्मद, सफीकुरहमान, लालू इरशाद, फैजानुलहक नौशाद, अनिसुरहमान आदि मौजूद रहे।

# सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालय संचालन हेतु महिला प्रधान को मिला प्रशस्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में 19 नवंबर विश्व शौचालय दिवस से 10 दिसंबर मानवाधिकार दिवस तक जनपद में स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस वर्ष के थीम हमारा शौचालय, हमारा भविष्य के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता, संचालन तथा रखरखाव प्रणाली के आकलन एवं संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। अभियान का उद्देश्य समुदाय में पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करना तथा व्यक्तिगत एवं पारिवारिक स्वास्थ्य सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा। अभियान के दौरान प्रतिष्ठित व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों, युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से विभिन्न जागरूकता गतिविध् ायों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के द्वारा लोगों को स्वच्छता, सुरक्षित मल अपशिष्ट प्रबंधन, रिट्रोफिटिंग व्यवस्था, सामुदायिक ठोस एवं तरल अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए गांवों में संपूर्ण स्वच्छता को सामुदायिक आंदोलन का रूप देने पर बल दिया गया। जनपद में अभियान के अंतर्गत विशेष उपलब्धि के रूप में मोहम्मदाबाद गोहाना विकास खंड के अलाउद्दीनपुर ग्राम पंचायत की महिला प्रधान शमा परवीन को जनपद के सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालय संचालन हेतु प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला पंचायती राज अधिकारी किरण वर्मा, जिला सलाहकार अंकित कुमार सिंह तथा जिला सलाहकार विकास सिंह भी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज पुलिस बना रही टाप टेन बदमाशों की नई लिस्ट

प्रयागराज(संवाददाता)। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट अतीक अहमद की मौत के बाद पहली बार जिले के टॉप दस अपराधियों की एक नई लिस्ट तैयार कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक नौ नाम फाइनल हो चुके हैं, जबकि दसवें की पहचान के लिए जांच चल रही है। इस लिस्ट में शामिल ज्यादातर लोगों पर पहले ही गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज हो चुका है।अतीक और उसके भाई अशरफ को 15 अप्रैल, 2023 को पुलिस हिरासत में रूटीन चेक–अप के लिए अस्पताल ले जाते समय गोली मार दी गई थी। हालांकि अतीक गैंग अभी भी एक्टिव है, लेकिन पिछले दो सालों में अंडरवर्ल्ड में नए अपराधियों की संख्या बढ़ी है।डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (सिटी) मनीष शांडिल्य ने बताया कि जिले के टॉप 10 अपराध् ायों की नई लिस्ट तैयार की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अतीक का सबसे छोटा बेटा आबान अहमद भी पुलिस की नजर में है, जबकि उसके करीबी लोगों से भी पूछताछ की जा रही है और जिस व्यक्ति ने हाल ही में एक शादी समारोह में आबान का एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें बैकग्राउंड में धमकी भरे डायलॉग चल रहे थे, उससे भी पूछताछ की जा रही है।अपडेटेड लिस्ट में सबसे ऊपर शाहगंज का विक्की उर्फ वसीम है, जिस पर 30 गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं।उसके ठीक पीछे कौडिहार ब्लॉक प्रमुख मोहम्मद मुजफ्फर है, जिसके खिलाफ 32 मामले दर्ज हैं, जिनमें पशु तस्करी, रंगदारी और हत्या के आरोप शामिल हैं। लिस्ट में दूसरे नामों में झूसी का राजेश यादव, होलागढ़ का स्वदेश कुमार उर्फ शीलू, थरवई के जितेंद्र भारतीय और गोलू भारतीय, सराय इनायत का अतुल सिंह, और करछना के जावेद उर्फ पप्पू और दिलीप मिश्रा शामिल हैं।पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर अपराधी फिलहाल जेल में हैं, फिर भी उनके गैंग एक्टिव हैं, और मारपीट, रंगदारी, अवैध जमीन कब्जा और तस्करी की खबरें अक्सर आती रहती हैं।एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस अजय पाल शर्मा ने कहा कि इन गैंग्स पर लगाम लगाने और उनके सदस्यों की पहचान करने की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयागराज के टॉप दस अपराधियों की लिस्ट को फाइनल किया जा रहा है और पहचाने गए गैंग के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जा रही है।

# डायट के मूल्य महाकुंभ में शिक्षकों ने किया ज्ञान स्नान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मेंआयोजित तीन दिवसीय संवैधानिक एवं मानवीय मूल्यों आधारित प्रशिक्षण के प्रथम बैच का समापन शुक्रवार को प्राचार्य/उपशिक्षा निदेशक आरती गुप्ता एवं सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया। तृतीय एवं अंतिम दिवस



की शुरुआत प्रातः वंदना व प्रतिवेदन के साथ हुई। इसके बाद प्रशिक्षण सत्रों में भारती सिंह ने शिक्षण योजना, कौशल कुमार अंकुर ने विद्यालय एवं कक्षा प्रबंधन, संजीव सिंह ने पारिवारिक मूल्यों डॉली सिंह ने मूल्यों के विकास में माइंडफुलनेस विषय पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया। सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने विषयवस्तु की सराहना करते हुए अपने अनुभव और विचार साझा किए। समापन अवसर पर विस्तृत प्रतिपुष्टि भी प्रदान की गई। संस्थान के अनुसार दूसरे बैच का प्रशिक्षण 15 से 17 दिसंबर तक आयोजित होगा, जिसमें माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक भी प्रतिभाग करेंगे।

# सीपीएस में युवा उत्सव का हुआ आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन युवा कल्याण विभाग ने शहर के चित्रांशनगर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में कराया। जिसका उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने किया। प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, पेंटिंग, डिक्लेमेशन, कहानी लेखन आदि हुई। जिसमे समूह नृत्य में सीपीएस प्रथम एवं महर्षि विद्या मंदिर द्वितीय स्थान पर रहा। समूह गायन में महर्षि विद्या मंदिर विजेता एवं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा। कविता लेखन में पूर्वी प्रथम, अजय राज द्वितीय एवं .ष्णा तृतीय रहे। कहानी लेखन मेंअक्षिता शुक्ला प्रथम, प्रसन्न पाण्डेय द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर अनंन्य व अजय कुमार रहे। साइज प्रदर्शनी में टीम आकांक्षा प्रथम, टीम आरुष द्वितीय एवं टीम पूर्वी तृतीय स्थान पर रहीं। पेन्टिंग में मनु गोस्वामी प्रथम, उपमा सिंह द्वितीय एवं सूर्यांश सिंह तृतीय स्थान पर रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी शशी भूषण शर्मा ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी, अमित, अंकित आशीष, सर्वेश कुमार एवं अनिल कुमार, प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सुमन शुक्ला एवं अलं ति श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महाराष्ट्र एक्सपोजर विजिट से लौटीं प्रधान हेमलता पटेल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज विभाग की 29 सदस्यीय ड्रीम टीम जिसमें विभाग के अधिकारी और प्रदेश से चयनित प्रधान सम्मिलित थे जो सात से ग्यारह दिसंबर तक महाराष्ट्र में पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर थे जो सफलतार्पूवक संपन्न हुई जिसमें ड्रीम टीम में फतेहपुर से चयनित बहुआ ब्लॉक के सुजानपुर ग्राम पंचायत की प्रधान हेमलता पटेल भी महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। उन्होंने यह विजिट पूरी कर मुंबई एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हुईं और सुबह 12 दिसंबर को अपने सुजानपुर गांव पहुंचीं।

गांव के सचिवालय भवन में ग्रामीणों ने प्रधान का स्वागत किया। प्रधान ने बताया कि एक्सपोजर विजिट के बहुत ही खास अनुभव रहे। महाराष्ट्र की पंचायती राज व्यवस्था, विकास कार्यों और ग्रामीण प्रशासन को करीब से देखा। जिससे उन्हें अपने क्षेत्रों में भी बेहतर योजनाएं बनाने और लागू करने की प्रेरणा मिली और यह विजिट ज्ञानवर्धक और सकारात्मक रही। जिसका सकुशल समापन हुआ। विजिट समापन के उपरांत पुणे स्थित यशवंतराव चौहान अकादमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा प्रधान हेमलता पटेल को सार्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस विजिट से उत्तर प्रदेश पंचायतीराज विभाग का उद्देश्य रहा कि ग्राम प्रधानों और विभागीय अधिकारियों को महाराष्ट्र के भी मॉडल समझने और सर्वोत्तम योजनाओं को सीखने तथा नवाचारों को अपनाने का अवसर देना था। टीम ने महाराष्ट्र की पुणे जिला अंतर्गत रालेगण सिद्धि, लोनीकंड, इंदौरी, तलेघर सहित आठ मॉडल पंचायतों का हाईप्रोफाइल अध्ययन किया और स्थानीय संग्रहालयों का भी भ्रमण किया और बारीकी से नवाचार और योजनाओं को समझा जिससे उत्तर प्रदेश में भी इन सफल मॉडलों की लागू कर ग्राम विकास में अधिक रतार और धार दी जा सके।

# इंजन के पटे में गमछा फंसने से अधेड़ घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरानी कटरी में शुक्रवार की दोपहर इंजन के पटे में गमछा फंस जाने से 55 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पुरानी कटरी गांव निवासी रामेश्वर का पुत्र छोटेलाल दोपहर इंजन चालू करने के लिए जैसे ही उसने हाथ लगाया और पटे में उसका अंगोछा फंस गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमजरेंसी में तैनात चिकित्सक ने अधेड़ की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# आकांक्षी ब्लाक के अखरी व गंगारामपुर में लगा स्वास्थ्य शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। आकांक्षी ब्लॉक हथगाम के अखरी एवं गंगारामपुर मेंस्वास्थ्य शिविर एवं ग्राम चौपाल का आयोजन का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को एक ही स्थान पर कई स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं तथा सरकारी योजनाओं का लाभ मिला ग्राम पंचायत अखरी एवं गंगारामपुर मेंस्वास्थ्य विभाग पंचायतीराज, बाल विकास पुष्टाहार विभाग एवं सी–3 के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर और ग्राम चौपाल का सफल आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी कमलेश बहादुर सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित चौरसिया, ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल, राम निरंजन सिंह, समाज कल्याण विभाग से महेंद्र सिंह के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर एवं ग्राम चौपाल का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर नीरज श्रीवास्तव, सीएचओ सुधीर कुमार, एएनएम सीमा देवी, चीफ फार्मासिस्ट राम औतार, एलटी बाबू आयुष्मान मित्र, ग्राम प्रधान रामदुलारी एवं जितेंद्र लोधी, पंचायत सहायक, सीडी से ब्लॉक प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमित कुमार और आशा बहू अनीता देवी, उमा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों में मिथलेश ने अहम योगदान दिया जिससे ग्रामीणों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सका साथ में सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया। ग्राम चौपाल तथा स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। जहां उन्हें विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शिविर के सफल आयोजन से गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की गई है। ग्राम चौपाल एवं स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत अखरी में कुल प्रतिभागी 148 रहे जिनमें पुरुष 88, महिला 55, बीपी के 84, शुगर 77, बुखार 33, आंखों के 2, एनीमिया 12, एचआरपी एचआरपी 3 तथा एएनसी के दो मरीजों का परीक्षण एवं उन्हें दवाएं उपलब्धकराई हैं। चार लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी प्रकार ग्राम चौपाल एवं स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत गंगारामपुर, सीपी 75, शुगर 61, एनीमिया 2 आंखों के 19, बुखार 33, एचआरपी 24, एनएससी 11 की जांच हुई और दवा दी गई गंगारामपुर में आधा दर्जन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

# सुल्तानपुर घोष जेई ने लगाया समाधान कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

ऐरायां, फतेहपुर। प्रदेश सरकार की संचालित एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत सुल्तानपुर घोष 33/11 केवी उपकेंद्र अन्तर्गत शोहदमऊ, जगजीवनपुर, सेमौरी गांवों में समाधान कैंप आयोजित किया गया। कैंप उपखंड अधिकारी तृतीय पीयूष कुमार सोनकर के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसमें बिजली देयकों के समाधान एवं बकाया जमा कराने के लिए ग्रामीणों की मौजूदगी रही। इस दौरान लगभग 40 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना के तहत पंजीकरण कराया जिससे बिजली विभाग को बड़ी राहत मिली। इस दौरान बताया गया कि एकमुश्त समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को ब्याज एवं अधिभार में राहत देते हुए बकाया जमा कराने की सुविधा दी जा रही है जिससे उपभोक्ता आसानी से अपने बिलों का निस्तारण करा सकें। कैंप के दौरान मौके पर अवर अभियंता पीयूष कुमार सोनकर, गोपनाथ, लाईनमैन मनोज कुमार विषकर्मा, हलीम अहमद, राम नारायण साहू बचोले, ओम प्रकाश, रवि सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव ने बताया कि कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल (आज) प्रातः दस बजे से मीटिंग हाल दीवानी न्यायालय परिसर में किया जायेगा। जिसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष करेंगे।

# फांसी लगाकर युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेरागढ़ीवा में गुरूवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार बेरागढ़ीवा गांव निवासी ननबुद का पुत्र सुनील कुमार ने गुरूवार की रात उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग गहरी नींद सो रहे थे। सुबह जब परिजनों की नींद खुली और परिजनों ने सुनील का शव फांसी पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# एचटी लाइन टूटकर गिरने से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर में खेत में धान की कुटाई कर रही 38 वर्षीय महिला पर हाइटेंशन तार टूटकर गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिवपुर गांव निवासी नींबू लाल सोनकर अपनी पत्नी रूपा देवी के साथ खेत में धान की कुटाई कर रहा था। इसी बीच पति किसी काम से घर चला आया। उधर धान कूटते समय अचानक ग्यारह हजार हाइटेंशन तार टूटकर महिला के ऊपर गिर गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भतीजे विष्णु ने दी है।

# सड़क हादसों के दौरान दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत शुक्रवार को हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के कमालीपुर गांव निवासी स्व0 दुलारे का 65 वर्षीय पुत्र रामसरन शुक्रवार की सुबह साइकिल से बीज खरीदने जा रहा था। जब वह रहिमापुर के पास पहुंचा तभी पीछे से तेज रतार आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर असोथर थाना क्षेत्र के विधातीपुर गांव निवासी बुधराज का 35 वर्षीय पुत्र रामू पैदल करबा सामान लेने जा रहा था। जब वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# लक्ष्मण पथ के चौड़ीकरण की जद में आ रहे मांझा जमथरा व बंधा के 300 परिवार

अयोध्या(संवाददाता)। रामनगरी अयोध्या में लक्ष्मण पथ के चौड़ीकरण की जद में मांझा जमथरा और बंधा के 300 परिवार आ रहे है। प्रभावित परिवार के घरो की समस्याओं को लेकर निषाद समाज के अध्यक्ष श्यामलाल निषाद आज भाजपा पूर्व सांसद लल्लू सिंह के आवास पहुंचे।जहां सभी ने अपनी समस्याओं को लेकर पूर्व सांसद को पत्र के जारिये अवगत कराया। इस दौरान सांसद ने आश्वासन दिया कि कोई भी बेघर नहीं होगा जब तक उनको कहीं बसाया ना जाए। वही निषाद समाज के अध्यक्ष श्यामलाल निषाद ने बताया कि जमथरा से लेकर चक्रतीर्थ तक बंधा चौड़ीकरण हो रहा है जिसमे निषाद समाज और यादव समाज के लगभग 300 घरो के लोग प्रभावित हो रहे है। जिनकी समस्या को लेकर भाजपा पूर्व सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात की गई है। हमारी मांग है कि बंधा चौडीकरण की जद में जो भी परिवार आ रहे है उनको जमीन के बदले जमीन दी जाए क्योंकि ये सभी गरीब है जमीन खरीदकर घर नही बना सकते और लगभग दो पुस्तो से यही रहकर अपना जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से उसका परिवार बेघर होने की स्थिति में है। बिना मुआवजे और वैकल्पिक आवास के वे अपने परिवार सहित जीवनयापन नहीं कर पाएंगे। इसलिए प्रभावित परिवारों ने उचित मुआवजा और रहने योग्य जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।बता दे कि पत्र में पूर्व सांसद से अनुरोध किया गया है कि मामले की जांच कर प्रभावित लोगों को न्याय दिलाते हुए उनके मकानों का उचित मूल्यांकन कर मुआवजा दिया जाए तथा उन्हें रहने के लिए भूमि आवंटित की जाए।इस मौके पर खुश्श निषाद लल्ला निषाद मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर राजकुमार निषाद राजा बाबू निषाद विनोद राज यादव विशाल निषाद सियाराम निषाद रामफल निषाद सुभाष निषाद सज्जन निषाद सुगरा देवी नेहा निषाद गीता निषाद ललिता निषाद निषाद समाज के और यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# रचनाकार ही सही मायने में लोकतंत्र का सजग प्रहरी होता है- अनिल श्रीवास्तव

प्रयागराज(संवाददाता)। साहित्यकार रवि नंदन सिंह के अल्लापुर स्थित निज निवास पर लोक संदर्भ साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था प्रयागराज द्वारा आयोजित कविसम्मेलन एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अनिल श्रीवास्तव अपर महानिदेशक प्रसार भारती, भारत सरकार उपस्थित रहे।उन्होंने उक्त अवसर पर बोलते हुए कहा कि रचनाकार सही मायने में लोकतंत्र का सच्चा और सजग प्रहरी होता है। समाज के सच को बयां करने की ताकत सिर्फ एक कवि रचनाकार में ही होती है। अतीत से वर्तमान तक रचनाकारों ने देश की दिशा व दशा को देखते हुए अपनी अपनी कविताओं से नई चेतना एवं ऊर्जा प्रदान करने का कार्य किया है। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान अपनी मार्मिक कविता से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर डाला। "अब मुल्क मेरा उस मुकाम पर पहुंच गया।" हैरत नहीं होती है अब रोज मौत देखकर उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि का शाल, बुके, स्मृति चिन्ह भेंट कर गीतकार शैलेंद्र मधुर, डॉ रविनंदन सिंह, संजय पुरुषार्थी, डॉ आभा मधुर श्रीवास्तव, डॉ पारुल सिंह राठौर ने उन्हें सम्मानित किया।तत्पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारंभ आभा मधुर श्रीवास्तव की वाणी वंदना के साथ आरंभ हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध उद्घोषक तथा चिंतनशील रचनाकार संजय पुरुषार्थी, गीतकार जितेंद्र मिश्र जलज, हास्य कवि अमित जौनपुरी, डॉ अमिताभ त्रिपाठी, हास्य व्यंग के कवि नजर पांडेय, चर्चित कवियत्री डॉ पारुल सिंह राठौर और ख्यातिलब्ध गीतकार शैलेन्द्र मधुर ने अपने गीतों और गजलों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया और खासी प्रशंसा प्राप्त की।उक्त अवसर पर अध्यक्षता कर रहे डॉ रवि नंदन सिंह ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को सोचने पर विवश कर डाला।

# कौशलपुरी कालोनी में जल्द होगा जल निकासी का प्रबंध, टूटी नालियों की होगी मरम्मत



अयोध्या(संवाददाता)। कौशलपुरी कॉलोनी को जल्द ही जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ जायज लिया। उन्होंने विशेष अभियान के तहत नाले की सफाई कर कर जल निकासी का स्थाई समाधान ढूंढने तथा तब तक पंप लगाकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुबह 8:00 बजे महापौर एवं नगर आयुक्त सब्जी मंडी के पीछे निराला नगर के समोसा गली पहुंचे। यहां क्षेत्रीय पार्षद धर्मवीर, अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भारत सिंह वर्मा समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मोड़ पर सफाई कार्य चल रहा था, लेकिन जल भराव की समस्या देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और रायबरेली अंडरपास की ओर जाने वाले नाले की सफाई कराकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश जोनल अधिकारी कौशलपुरी को दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर हनुमान मंदिर के पास उन्होंने खुली नाली देखकर पटिया रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़क की दूसरी ओर जल भराव को देखकर नाली निर्माण कराने और क्रॉसिंग बनवाने को कहा। महापौर ने डॉ. आरके सिंह के बगल गली को ऊंचा करने तथा ओपीएस इंटर कॉलेज के सामने लाइट लगवाने का निर्देश दिया। यहां लाइट की मांग स्थानीय निवासी अमर सिंह ने उनके सामने रखी। खोजनपुर पहुंचने पर जल भराव की समस्या दिखाई पड़ी। उन्होंने तालाब पैमाइश कराकर सफाई करने, गहराई बढ़ाने तथा रेलिंग लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने यहां कूड़ा फेंकने से मना करने के लिए बोर्ड लगाने को कहा।

थोड़ा आगे बढ़ने पर नाली की सफाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने भाजपा नेता गोकुल समेत स्थानीय लोगों की मांग पर नाली बनवाने का वादा किया। खोजनपुर की गली में बिजली के तार लटके थे। इस पर नगर आयुक्त ने वहां तीन पोल लगाकर तारों को ऊंचा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विष्णुपुरी कॉलोनी में प्रकाश व्यवस्था सुधार करने के लिए खराब लाइट को बदलने तथा जरूरत के मुताबिक नई लाइट लगाने के साथ ही टूटी नालियों की मरम्मत करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। डॉ. रमापति मिश्र के घर के सामने पार्क में ओपन जिम लगाने तथा नालियों की मरम्मत कराने को कहा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि निरीक्षण दो घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, भाजपा नेता वरुण चौधरी, इंजीनियर रवि तिवारी, मंडल मंत्री वीरेंद्र वर्मा, श्रीप्रकाश पाठक, देवमणि द्विवेदी, अमर सिंह आदि थे।

# कल मिलेगा यूपी बीजेपी को नया अध्यक्ष

लखनऊ,। यूपी की सियासत में इन दिनों केवल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा है। बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के बाद अब प्रदेश परिषद सदस्यों के नाम का ऐलान हो चुका है।अगले छतीस घंटों में यूपी बीजेपी को नया मुखिया मिल जाएगा। नया अध्यक्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की कमान संभालेगा।

# पीएसी व नगर पालिका में चलाया सीपीआर जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर प्रशिक्षण, नशामुक्ति व जलसंरक्षण जागरूकता अभियान 12 वीं वाहिनी पीएसी व नगर पालिका परिषद में चलाया।



मुख्य अतिथि के रूप में पीएसी में सेनानायक मनोज कुमार अवस्थी व नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है और जब किसी व्यक्ति की अचानक से हृदय गति रुक जाती है तो उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है अनवरत जब तक हृदय धड़कना शुरू न कर दे। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से किसी व्यक्ति की जान बचा सकते है। साथ ही सभी जवानों को तम्बाकू, मसाला गुटखा इत्यादि उत्पादों को सेवन न करने व इनसे होने वाली हानियों व जल संरक्षण हेतु भी जागरूक किया। इस अवसर पर शिविर पाल विजय कुमार चौधरी, दलनायक नीरज कुमार, रवींद्र प्रसाद, दिनेश पांडेय, प्रभारी दलनायक सत्येंद्र सिंह, गुलजारी लाल नंदा, पीसी कुलदीप पुष्पाकर, सतीश प्रजापति व नगर पालिका से गुलाब, राजीव पांडेय, कमल बिहारी, दिलशाद अली सहित प्रमुख सहयोगी अजीत सिंह सचिव, सुरेश कुमार श्रीवास्तव आजीवन सदस्य इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्तिः महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जिले भर के थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने शुक्रवार को अभियान चलाया। प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल–कॉलेजों व धार्मिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।टीमों ने कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, उज्जवला योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान भारत सहित दर्जनभर योजनाओं के बारे में पंपलेट बांटे। साथ ही 1090 वीमेन पावर लाइन, 112 इमरजेंसी, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन जैसे नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। एसपी श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान से महिलाएं न केवल अपनी सुरक्षा के प्रति सजग होंगी बल्कि सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ भी उठा सकेंगी। जिले के सभी थानों पर यह अभियान पूरे जोश के साथ चलाया गया।

# युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान गिनाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतर्गत दुर्गा वाहिनी नशा मुक्ति युवा विकसित भारत संगठन की ओर से युवाओं को नशा मुक्त बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांत समरसता प्रमुख डॉक्टर शिवस्वरूप विश्वकर्मा, विहिप जिलाध्यक्ष डॉक्टर अजय गुप्ता, मातृशक्ति की विभाग संयोजक सुधा मिश्रा, जिला संयोजिका मातृशक्ति मध्यमा त्रिवेदी, विहिप के जिला उपाध्यक्ष नरेश कश्यप, बजरंग दल के नगर संयोजक विकास मिश्रा, बजरंग दल के जिला सहसंयोजक रोहन दीक्षित, डॉक्टर पुष्पा सिंह, रमा मिश्रा, रूपा सिंह ने भैया बहनों को संबोधित किया और उन्हें स्वयं व समाज को नशा मुक्त बनाने की प्रेरणा दी। अतिथि का शनि सिंह एवं बहन रीना ने बैज अलंकरण कर स्वागत व सम्मान प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने अतिथियो का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में भैया, बहन, आचार्य बंधु, आचार्य दीदी के अलावा संपूर्ण विद्या मंदिर परिवार उपस्थित रहा।

# बीमारी से तंग आकर किसान ने गोली मारकर दे दी जान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लंबे समय से चली आ रही गंभीर बीमारी से परेशान होकर ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव निवासी एक 70 वर्षीय किसान सरनाम सिंह पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप सिंह ने शुक्रवार की सुबह अपने तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की तेज आवाज सुनते ही घर वाले और पड़ोसी दौड़े आए लेकिन तब तक सरनाम सिंह ने दम तोड़ दिया था।परिजनों ने बताया कि सरनाम सिंह पिछले कई वर्षों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज के लिए परिवार ने लाखों रुपए खर्च कर दिए, लेकिन आराम नहीं मिला। आर्थिक तंगी व लगातार बढ़ती बीमारी ने उन्हें मानसिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया था। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे वे अपने कमरे में अकेले थे, तभी तमंचे की गोली चलने की आवाज आई। जब परिजन कमरे में पहुंचे तो सरनाम सिंह खून से लथपथ फर्श पर पड़े थे। सूचना मिलते ही ललौली थाना प्रभारी निरीक्षक फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रथम .ष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सरनाम सिंह परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चे बदहवास रोते–बिलखते नजर आए। गांव में मातम पसरा हुआ है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )